दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 147 टोंक | मंगलवार,21 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 3.50 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

26.0⁰ अधिकतम तापमान | 13.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स | 77,073.44 +454.11 (0.59%)

निफ्टी | 23,344.75 +141.55 (0.61%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 81,685 /10g

चांदी | 96,500 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### राजोआना की सजा-ए-मौत पर सुनवाई 18 मार्च को

**सुप्रीम कोर्ट में वकील रोहतगी बोले- 29 साल से जेल में बंद, उन्हें रिहा किया जाए**

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट अब बलवंत सिंह राजोआना की मौत की सज़ा पर 18 मार्च को सुनवाई करेगा। राजोआना ने असाधारण और अनुचित देरी के आधार पर अपनी मौत की सज़ा माफ़ करने की अपील की है। याचिका में तर्क दिया गया है कि भारत सरकार ने उसकी दया याचिका पर फ़ैसला करने में काफ़ी समय लगाया है। वह लगभग 29 साल से जेल में है। सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि राजोआना की मौत की सजा का मामला तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एस.ए. बोबडे के कार्यकाल से लंबित है।

बढ़ता TOON!




# डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति

## कहा- हर खतरे से अमेरिकी संविधान की हिफाजत करूंगा



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका में एक बार फिर ट्रम्प युग लौट आया है। रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10.30 बजे अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के जज जॉन रॉबर्ट्स ने शपथ दिलाई। इसके साथ ही वे अमेरिका 47वें राष्ट्रपति बन गए हैं।

शपथ के दौरान पत्नी मेलानिया बाइबल लेकर खड़ी रहीं। ट्रम्प के शपथ लेने के बाद कुछ देर तक कैपिटल बिल्डिंग के रोटुंडा में तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। इससे पहले उन्होंने 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में काम किया था। उनसे पहले रिपब्लिकन

### शपथ के दौरान पत्नी मेलानिया बाइबल लेकर खड़ी रहीं

नेता जेडी वेंस ने अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में तापमान माइनस 5 डिग्री सेल्सियस है। कड़कड़ाती ठंड के चलते 40 साल बाद राष्ट्रपति की शपथ संसद के अंदर रखी गई। इससे पहले 1985 में रोनाल्ड रीगन की शपथ कैपिटल हिल के अंदर हुई थी। सामान्य तौर पर राष्ट्रपति खुले मैदान नेशनल मॉल में शपथ लेते हैं। इधर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रम्प को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वे रूस-यूक्रेन और परमाणु हथियारों के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं।

### ट्रम्प ने कहा- हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे

ट्रम्प ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा। मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। न्याय विभाग और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा। हम फिर से अमेरिका को महान बनाएंगे।

**ट्रम्प ने कहा- समृद्ध देश बनाएंगे**-ट्रम्प ने कहा कि हमारी सबसे पहली प्राथमिकता एक ऐसा देश बनाना होगा जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। उन्होंने कहा कि अमेरिका जल्द ही पहले से ज्यादा महान, ज्यादा मजबूत और ज्यादा प्रभावशाली होगा।

### वेंस ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली

वेंस ने कहा, मैं पूरी ईमानदारी से शपथ लेता हूं कि मैं सभी विदेशी और घरेलू दुश्मनों से अमेरिका के संविधान की हिफाजत करूंगा। मैं इसके प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। मैं इस दायित्व को स्वतंत्र रूप से स्वीकार करता हूं। मैं जिस पद पर आसीन होने वाला हूं उसके कर्तव्यों का भलीभांति और ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। प्रभु मेरी सहायता करें।



## राम की बात मानने में झिझक क्यों : कोविंद

**चिदानंद सरस्वती ने कहा- हम न बंटेंगे, न डरेंगे, न लड़ाएंगे; नया ट्रैफिक प्लान लागू**

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ में मोरारी बापू की कथा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुए। कोविंद ने कहा- हम श्रीराम को मानते हैं तो उनकी बातों को मानने में झिझक क्यों होती है। स्वामी चिदानंद ने कहा- अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बाटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे। महाकुंभ का आज 8वां दिन है। दोपहर 2 बजे तक 44.62 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक कुल 8.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान बदला है। अब पूरे महाकुंभ के दौरान निजी वाहनों का मेला क्षेत्र में प्रवेश बंद रहेगा। वाहनों को शहर और मेला क्षेत्र के बाहर पार्किंग में पार्क करना पड़ेगा। यहां से कुंभ मेले के लिए शटल बस मिलेंगी।



### एनडीआरएफ ने महिला श्रद्धालुओं का किया इलाज

महाकुंभ मेला देश विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है, प्रतिदिन लाखों लोग संगम में डुबकी लगा कर अपने आप को भाग्यशाली मान रहे है । सुबह हरिश्चंद्र घाट पर जौनपुर जिले की 55 वर्षीय महिला श्रद्धालु लीलावती देवी की स्नान करते समय फ्लोटिंग बैरिकेट से माथे पर चोट लगने से घायल हो गई। प्राचीन गंगा घाट पर जालौन जिले से आए हुए 35 वर्षीय राजेश दिव्यांश को पवित्र जल में स्नान करने के बाद हाइपोथर्मिया की समस्या का अनुभव हुआ और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही दोनों घाटों पर मुस्तैद एनडीआरएफ की टीमों ने बिना समय गंवाए पीड़ितों को जरूरी प्राथमिक उपचार दे कर राहत प्रदान की।

## सैफ पर हमले का आरोपी बांग्लादेश में कुश्ती खिलाड़ी था

**पुलिस बोली- हमले के बाद बस स्टॉप पर सोया, ठाणे जाने से पहले कपड़े बदले**


बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** एक्टर सैफ अली खान पर हमले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। पुलिस ने रविवार को शरीफुल इस्लाम को इस केस में गिरफ्तार किया था।

पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने कहा, शरीफुल जिला और नेशनल लेवल पर कुश्ती खेल चुका था। कुश्ती प्लेयर होने की वजह से शरीफुल सैफ पर भारी पड़ा। वारदात के बाद वो बस स्टैंड पर सोया। ठाणे जाने से पहले उसने कपड़े बदले। वो वर्ली के एक पब में काम करता था, जहां से उसे चोरी करने



पर निकाला गया था। शरीफुल सितंबर में मुंबई आया था। पाइप के सहारे सैफ के अपार्टमेंट तक पहुंचा था शरीफुल सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर पर मुंबई पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट कर सकती है। शरीफुल 5 दिन की पुलिस रिमांड पर है।






## सम्पादकीय

# दूसरे देशों में जाकर संकट में फंस रहे भारतीय, विदेशी युद्धों के दौरान हो रही कत्लेआम की पीड़ा

अक्सर अनधिकृत रूप से, चोरी-छिपे या गलत दस्तावेजों और चालबाज बिचौलियों की मार्फत परदेस पहुंचे लोगों को संकट का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर वैसी स्थिति में जब वैसे देशों के बीच युद्ध छिड़ा हो, जहां वे बाहर से गए हों तो उसकी मार अलग से झेलनी पड़ती है। कई लोग नाहक ही मारे जाते हैं। ऐसे समय में भारतीय विदेश मंत्रालय के लिए उन्हें वहां से निकालना कठिन काम हो जाता है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में फंसे ऐसे ही लोगों को निकालने के लिए विदेश मंत्रालय काफी समय से जद्दोजहद कर रहा है। अभी मंत्रालय ने कहा है कि वहां रूस-यूक्रेन मोर्चे पर अब तक बारह भारतीय मारे जा चुके हैं, सोलह लापता हैं, एक का इलाज चल रहा है। कुछ महीने पहले पता चला कि बिचौलियों के जरिए भारत से बड़ी संख्या में ऐसे युवक रूस गए हैं, जिन्हें भर्ती तो किसी और काम के लिए किया गया था, मगर वहां पहुंचने के बाद उन्हें रूसी सेना में भर्ती करा कर यूक्रेन के साथ छिड़ी जंग में भेज दिया गया। जब उनके परिजनों को इस बात की खबर मिली, तो उन्होंने भारतीय विदेश मंत्रालय से वापस लाने की गुहार लगाई। जांच से पता चला कि ऐसे एक सौ छब्बीस युवकों को जंग में झोंक दिया गया था। विदेश मंत्रालय की अपील पर रूस सरकार ने छियानबे भारतीय नागरिकों को वापस भेज दिया।

ऐसे मामले अन्य देशों में भी देखे जा चुके हैं। रोजगार की तलाश में बहुत सारे युवा अनधिकृत रूप से दूसरे देशों में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं। कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन आदि देशों से तो इस तरह अनधिकृत प्रवेश करने वाले अनेक लोगों के मारे जाने की खबरें भी आती हैं। खाड़ी देशों में भी इसी तरह बहुत सारे युवक जाते और वहां बंधक बना लिए जाते हैं। इन मामलों के मद्देनजर भारत सरकार लगातार अपील करती रहती है कि विदेश जाते समय अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि आपके बारे में यहां सही-सही जानकारी उपलब्ध रहे और किसी संकट के समय वहां से निकालना आसान हो। बिचौलियों और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से भी सावधान करती रही है, मगर हकीकत यह है कि हर वर्ष हजारों लोग इस अपील को धता बताते हुए विदेश जाने का प्रयास करते हैं। इसकी वजहें सरकार को भी पता हैं और यह भी छिपी बात नहीं है कि ऐसे लोगों की ख्वाहिशों का लाभ उठाने वाले बिचौलियों पर अंकुश नहीं लगाया जा पा रहा। जब पंजाब में 'कबूतरबाजी' के बढ़ते मामले प्रकाश में आए थे, तब सरकार ने ऐसे बिचौलियों पर अंकुश लगाने की पहल की थी, मगर वह पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाई है। यह भी विचार करने का विषय है कि क्यों हमारे देश से बड़ी संख्या में युवा विदेश का रुख करते हैं। यह केवल ऊंची डिग्रियां हासिल कर चुके युवाओं के साथ नहीं है, छोटे-मोटे काम की चाह में भी बहुत सारे युवा दूसरे देशों का रुख कर लेते हैं। सब जानते हैं कि यहां रोजगार के पर्याप्त अवसर और आमदनी का साधन न होने के कारण, थोड़ी बेहतर जिंदगी की उम्मीद लिए लाखों युवा हर वर्ष ऐसे देशों में भी जाने का प्रयास करते हैं, जहां कोई खास कमाई के अवसर नहीं हैं।

थोड़े संपन्न माने जाने वाले देशों में प्रवेश पाने के लिए तो मुंहमांगी रकम खर्च करने को तैयार देखे जाते हैं। अच्छी बात है कि सरकार दूसरे देशों में संकट में फंसे लोगों को वापस लाने के संजीदा प्रयास करती है, मगर जब तक रोजगार के मोर्चे पर मुस्तैदी नहीं दिखेगी। लोग परदेस में पीड़ा झेलने को मजबूर होते रहेंगे।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 21 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- स्टॉकहोम संधि पर पर्सिया और स्वीडन ने 1720 में हस्ताक्षर किए।
- विलियम हिल ब्राउन की पुस्तक 'द पॉवर ऑफ सिम्पथी' बोस्टन में 1789 में छपी थी।
- अंग्रेजी वर्णाक्षर टेलीग्राफ का पेटेंट विलियम कूक और चार्ल्स व्हीलस्टोन को 1840 में दिया गया था।
- लिफाफे मोड़ने वाली मशीन का पेटेंट रसेल हावेस ने 1853 में करवाया था।
- 1865 में आज ही के दिन पहली बार एक तेल के कुएँ को तारपीडो से ड्रिल किया गया था।
- ब्रिटेन में 1924 में पहली बार लेबर पार्टी की सरकार बनी जिसमें रैक्जे मैक्डोनाल्ड बने प्रधानमंत्री।
- अल्बानिया ने खुद को 1925 में गणराज्य घोषित किया।
- कॉपीराइट अधिनियम 1958 को लागू किया गया।
- असम का नेफा क्षेत्र (नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी) 1972 में केन्द्र शासित अरुणाचल प्रदेश बना।
- 1981 को तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया।
- इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास 1996 में यात्रियों से भरी नाव डूबने से लगभग 400 लोगों की मृत्यु हुई।
- हांगकांग में सन 2000 में एशिया के प्रथम 'स्लिट लिवर' का प्रत्यारोपण हुआ।
- चालक रहित अमेरिकी टोही विमान 2003 में पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त।
- भारत ने 2008 में इस्त्रायल का एक जासूसी सैटेलाइट का प्रक्षेपण कर उसे सफलतापूर्वक पोलर आर्बिट में स्थापित किया।
- वर्ष 2007 का 'हाल आफ़ फ़ेम अवार्ड' की लिस्ट में 2008 को पूर्व क्रिकेटर इमरान ख़ान और पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का नाम शामिल किया गया।
- कर्नाटक के बीदर में 2009 को वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### 21 जनवरी को जन्मे व्यक्ति


- 'ए मैन ऑफ और ऑल सीजन' 'क्वीज शो', जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले हॉलीवुड अभिनेता पॉल स्कोफील्ड का जन्म 1922 में आज ही के दिन हुआ।
- उड़िया भाषा की प्रसिद्ध लेखिका प्रतिभा राय का जन्म 1943 में आज ही के दिन हुआ।
- पश्चिम भारतीय संगीतकार बिली ओशन का जन्म 1950 में आज ही के दिन हुआ।

### 21 जनवरी को हुए निधन

- 1924 में व्लादिमीर लेनिन की मृत्यु।
- 1945 में प्रख्यात वकील और स्वतंत्रता सेनानी रास बिहारी बोस की मृत्यु।
- 1950 में अंग्रेजी के मशहूर लेखक जॉर्ज ऑरवेल की मृत्यु।
- 1959 में भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक ज्ञानचंद्र घोष की मृत्यु।

## विशेष आलेख

# विभिन्न धर्मों एवं आस्थाओं का बड़ा समुच्चय ही 'सनातन धर्म'



– पंडित तारा चंद

**आज विश्व में सनातन धर्म की व्याख्या को लेकर अपने - अपने तर्क है, लेकिन यह सर्वविदित है कि हिन्दू धर्म भारत का सर्वप्रमुख धर्म है। इसमें पवित्र सोलह संस्कार संपन्न किए जाते हैं। हिंदू धर्म की प्राचीनता एवं विशालता के कारण ही उसे 'सनातन धर्म' भी कहा जाता है। मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान, सवाई माधोपुर के अध्यक्ष पंडित तारा चंद शास्त्री बताते हैं कि बौद्ध, जैन, ईसाई, इस्लाम आदि धर्मों के समान हिन्दू धर्म किसी भी व्यक्ति विशेष द्वारा स्थापित किया गया धर्म नहीं, बल्कि प्राचीन काल से चले आ रहे विभिन्न धर्मों एवं आस्थाओं का बड़ा समुच्चय है।**

राकेश शर्मा

पंडित तारा चंद शास्त्री के मुताबिक महर्षि वेदव्यास के अनुसार मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक पवित्र सोलह संस्कार संपन्न किए जाते हैं। जो निम्नानुसार है –

1. **गर्भाधान** – महर्षि चरक ने कहा है कि मन का प्रसन्न और पुष्ट रहना गर्भधारण के लिए आश्यक है इसलिए स्त्री एवं पुरुष को हमेशा उत्तर भोजन करना चाहिए और सदा प्रसन्नचित्त रहना चाहिए। गर्भ की उत्पत्ति के समय स्त्री और पुरुष का मन उत्साह, प्रसन्नता और स्वस्थ्यता से भरा होना चाहिए। उत्तम संतान प्राप्त करने के लिए सबसे पहले गर्भाधान-संस्कार करना होता है।
2. **पुंसवन** – पुंसवन संस्कार तीन महीने के पश्चात इसलिए आयोजित किया जाता है क्योंकि गर्भ में तीन महीने के पश्चात गर्भस्थ शिशु का मस्तिष्क विकसित होने लगता है। इस समय पुंसवन संस्कार के द्वारा गर्भ में पल रहे शिशु के संस्कारों की नींव रखी जाती है। मान्यता के अनुसार शिशु गर्भ में सीखना शुरू कर देता है, इसका उदाहरण है अभिमन्यु जिसने माता द्रौपदी के गर्भ में ही चक्रव्यूह की शिक्षा प्राप्त कर ली थी।
3. **सीमंतोन्नायन** सीमंतोन्नायन संस्कार गर्भ के चौथे, छठवें और आठवें महीने में किया जाता है। इस समय गर्भ में पल रहा बच्चा सीखने के काबिल हो जाता है। उसमें अच्छे गुण, स्वभाव और कर्म का ज्ञान आए, इसके लिए मां उसी प्रकार आचार-विचार, रहन-सहन और व्यवहार करती है। इस दौरान शांत और प्रसन्नचित्त रहकर माता को अध्ययन करना चाहिए।
4. **जातक्रम** – बालक का जन्म होते ही जातकर्म संस्कार को करने से शिशु के कई प्रकार के दोष दूर होते हैं। इसके अंतर्गत शिशु को शहद और घी चटाया जाता है साथ ही वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया जाता है ताकि बच्चा स्वस्थ और दीर्घायु हो।
5. **नामकरण** – जातकर्म के बाद नामकरण संस्कार किया जाता है। जैसे की इसके नाम से ही विदित होता है कि इसमें बालक का नाम रखा जाता है। शिशु के जन्म के बाद 11वें दिन नामकरण संस्कार किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बच्चे का नाम तय किया जाता है। बहुत से लोगों अपने बच्चे का नाम कुछ भी रख देते हैं जो कि गलत है।
6. **निष्क्रमण** – इसके बाद जन्म के चौथे माह में निष्क्रमण संस्कार किया जाता है। निष्क्रमण का अर्थ होता है बाहर निकालना। हमारा शरीर पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश आदि से बना है जिन्हें पंचभूत कहा जाता है। इसलिए पिता इन देवताओं से बच्चे के कल्याण की प्रार्थना करते हैं। साथ ही कामना करते हैं कि शिशु दीर्घायु रहे और स्वस्थ रहे।
7. **अन्नप्राशन** – अन्नप्राशन संस्कार संस्कार बच्चे के दांत निकलने के समय अर्थात 6-7 महीने की उम्र में किया जाता है। इस संस्कार के बाद बच्चे को अन्न खिलाने की शुरुआत हो जाती है। प्रारंभ में उत्तम प्रकार से बना अन्न जैसे खीर, खिचड़ी, भात आदि दिया जाता है।
8. **चूड़ाकर्म** – सिर के बाल जब प्रथम बार उतारे जाते हैं, तब वह चूड़ाकर्म या मुण्डन संस्कार कहलाता है। जब शिशु की आयु एक वर्ष हो जाती है तब या तीन वर्ष की आयु में या पांचवें या सातवें वर्ष की आयु में बच्चे के बाल उतारे जाते हैं। इस संस्कार से बच्चे का सिर मजबूत होता है तथा बुद्धि तेज होती है।
9. **कर्णवेध** –कर्णवेध संस्कार का अर्थ होता है कान को छेदना। इसके पांच कारण हैं, एक-आभूषण पहनने के लिए। दूसरा-कान छेदने से ज्योतिषानुसार राहु और केतु के बुरे प्रभाव बंद हो जाते हैं। तीसरा इसे एक्यूपंक्चर होता जिससे मस्तिष्क तक जाने वाली नसों में रक्त का प्रवाह ठीक होने लगता है। चौथा इससे श्रवण शक्ति बढ़ती है और कई रोगों की रोकथाम हो जाती है। पांचवां इससे यौन इंद्रियां पुष्ट होती है।
10. **यज्ञोपवीत** –यज्ञोपवित को उपनय या जनेऊ संस्कार भी कहते हैं। प्रत्येक हिन्दू को यह संस्कार करना चाहिए। उप यानी पास और नयन यानी ले जाना। गुरु के पास ले जाने का अर्थ है उपनयन संस्कार। आज भी यह परंपरा है। जनेऊ यानि यज्ञोपवित में तीन सूत्र होते हैं। ये तीन देवता- ब्रह्मा, विष्णु, महेश के प्रतीक हैं। इस संस्कार से शिशु को बल, ऊर्जा और तेज प्राप्त होता है। साथ ही उसमें आध्यात्मिक भाव जागृत होता है।
11. **वेदारंभ** – इसके अंतर्गत व्यक्ति को वेदों का ज्ञान दिया जाता है।
12. **केशांत**
13. **समावर्तन**
14. **विवाह**
15. **आवसश्याधाम**
16. श्रोताधाम

# डॉक्टर और कंपनियों का कपट जाल, दवाओं की कीमत में उछाल



– प्रियंका सौरभ

**नियमों में कहा गया है कि केवल प्रिस्क्रिप्शन वाली दवा और ओवर-द-काउंटर दवा के प्रकार जो केवल फ़ार्मेसियों में बेचे जा सकते हैं, उन्हें सभी फ़ार्मेसियों में बिल्कुल एक ही क़ीमत पर बेचा जाना चाहिए। इसलिए, की दवाओं की कीमतें फ़ार्मेसियों के बीच उतार-चढ़ाव नहीं करती हैं, जिसका अर्थ है कि इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि आप अपना प्रिस्क्रिप्शन भरने के लिए किस फ़ार्मेसी को चुनते हैं। यही नहीं दवा बनाने वाली कंपनियों पर ये नियम सख्ती से लागू किये जाए कि वह हर साल्ट का मूल्य भारत सरकार के नियमानुसार एक जैसा निर्धारित करे चाहे ब्रांड कोई भी हो। मूल्य ब्रांड पर न होकर साल्ट पर हो ताकि डॉक्टरों और कंपनियों के काले धंधे पर लगाम लगे और मरीज को 300 रूपये का इंजेक्शन बारह हज़ार में न खरीदना पड़े।**

देश में दवाओं की क़ीमत सरकार नहीं बल्कि डॉक्टर ख़ुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं। क़ीमत फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज़ एक एग्जाम्पल है, ऐसा तमाम दवाओं में किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं, 20 साल में 40 हज़ार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के पास पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से ही एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार डॉक्टर दवाओं के रेट तय नहीं करते। दवाओं के रेट, दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को अच्छा मुनाफ़ा होता है। ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज़्यादा से ज़्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुज़रना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए. दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफ़ैक्चरर की जानकारी, मैन्युफ़ैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए, डॉक्टर या फ़ार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है। सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंडर में लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है, लेकिन सैकड़ों फॉर्मूले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआर पी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदलकर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदलकर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं। फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ़ दवाएँ बनाने को तैयार हो जाती है, बल्कि मनमानी क़ीमत भी तय कर देती है। यही नहीं इन कंपनियों से मोबाइल पर ही डील हो जाती है।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



श्री अंशदीप (आईएएस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के श्री अंशदीप 16 अगस्थ सन 1989 को पंजाब में जन्में अंशदीप एक बेहतरीन आईएएस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। जहां भी रहे अपने अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ तालमेल के साथ व अपने उच्चस्थ अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ कार्य किया। मुस्कान भरा चेहरा और गजब का आत्मविश्वास। बी.टेक(सिविल इंजीनियरिंग) कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए और आज उप सचिव गृह मंत्रालय, नई दिल्ली जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये उप सचिव, सहकारिता मंत्रालय नई दिल्ली रहे। आयुक्त आबकारी विभाग एवं पदेन मद्य निषेध निदेशक राजस्थान उदयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, श्रीगंगानगर। महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक, राजस्थान अजमेर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अजमेर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, पाली। निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव राजस्थान जयपुर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बाड़मेर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् जोधपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् अलवर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् भरतपुर। उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा। सहायक सचिव, गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (प्रशिक्षणाधीन) जोधपुर महानिदेशक अतिरिक्त कार्यभार डॉ. भीमराव अम्बेडकर फ़ाउंडेशन (अम्बेडकर पीठ) जयपुर निदेशक एवं संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन विभाग राजस्थान जयपुर।ग्रामीण विकास नेतृत्व पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम। इनके द्वारा किया गया था। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद। हैदराबाद, आंध्र प्रदेश (भारत) प्रशिक्षण इनके द्वारा लिया गया। इंसानियत की शानदार परिभाषा इनके व्यक्तित्व से देखने को मिलती हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_021 a – बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 5 | | 9 | | 4 | 6 | |
| | 4 | 9 | | 6 | | | | 8 |
| | 2 | 6 | 8 | 3 | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 2 | | | 9 |
| | 1 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | | 2 |
| 5 | | | 3 | 1 | 9 | 7 | | 4 |
| 7 | | | | | 3 | 5 | | 6 |
| 2 | 5 | | | 4 | 6 | | 9 | |
| | 3 | 1 | 9 | | 5 | 8 | 4 | |

### Ans_2025_020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 1 |
| 5 | 1 | 8 | 3 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 4 | 6 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### वृष

शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्र वाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

### मिथुन

पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी मामूली शिकायत रहेगी।

### कर्क

विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

### सिंह

गृहस्थ जीवन में सुख-शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

### कन्या

पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है। आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। नौकरी-धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

### तुला

किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

### वृश्चिक

आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे।

### धनु

शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

### मकर

कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

### कुंभ

गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा।

### मीन

लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी।

# विकास और पालिका की आय बढ़ाने, शहर के सौन्दर्यकरण को लेकर पार्षदो ने दिखाई एकजुटता

## पार्षदो की अभिशंषा पर प्रत्येक वार्ड में 10-10 लाख के विकास कार्य पर बनी सहमति

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका सभागार में सोमवार को पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी की अध्यक्षता में पालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में होने के साथ साथ शहर के विकास, सौन्दर्यकरण के अलावा पालिका की आय बढ़ाने में सभी पार्षदो ने एकजुटता का प्रदर्शन किया। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक की कार्रवाई को अधिशासी अधिकारी उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अनुमति से सहायक प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने पढ़कर सुनाई। जिस पर पार्षदो की सहमति बनने के बाद गत बैठक की कार्रवाई का सर्वसम्मति से अनुमोदन माना गया। इसके पश्चात नगरपालिका की ओर से बैठक के लिए जारी एजेण्डेनुसार कार्रवाई शुरू की गई। इसमें सबसे पहले विकास कार्यो पर चर्चा हुईं। जिसमें मौजुद पार्षदो ने विकास अवरूद्ध होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए विकास को गति देने की मांग रखी। इसी चर्चा में



भाग लेते हुए पार्षद नेहा विजय ने श्री रामनारायण गौशाला समिति को गौशाला निर्माण के लिए नि:शुल्क भूमि देने, सुभाष सर्किल का सौन्दर्यकरण करवाने, मुख्य सड़को के नालो व क्रोस पर लगे टूटे लोहे के जालो को हटाकर नए लगवाने, सड़को की मरम्मत करवाने सहित अन्य कई विकास कार्य करवाने की मांग रखी। पार्षद डॉ. अकिंत जैन ने सुभाष बाजार से आदर्श नगर की ओर जाने वाले गौरव पथ पर पानी भरने की समस्या को समाप्त करने के लिए ऊंचा करवाने, बस स्टेण्ड पर नया यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण करवाने, शहर के मुख्य बाजारो की टूटी एवं जीर्ण शीर्ण सड़को की मरम्मत करवाने का प्रस्ताव रखा। विकास कार्यो की चर्चा के दौरान निर्णय रहा कि पालिका प्रशासन द्वारा पालिका के सभी वार्डो में सम्बन्धित वार्ड पार्षद की अभिषंशा से 10-10 लाख रूपये के वकास कार्य करवाए जाएगें। वहीं नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि नगरपालिका की आय बढ़ाने, विकास को गति देने, सार्वजनिक रोशनी व साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पालिका प्रशासन ने शास्त्री नगर विस्तार योजना सहित राजकीय अस्पताल के सामने खाली पड़े भूखण्डो को विक्रय करने की योजना बनाई। चौधरी ने बताया कि सर्वे करवाए जाने के बाद सामने आया कि कुछ लोगो ने पालिका के बेशकीमती भूखण्डो पर अवैध रूप से अतिक्रमण भी कर रखे हैं। इसके अलावा कई भूखण्ड ऐसे भी हैं जिनके स्वामित्व संबंधी दस्तावेज लोगो के पास है। इसलिए पालिका प्रशासन ने निर्णय लिया कि भूखण्ड निलामी से पूर्व जिन लोगो के पास भूखण्डो के मालिकाना हक को दर्शाने वाले दस्तावेज हैं तो प्रस्तुत करने को कहा गया।

प्राप्त दस्तावेजो की जांच के बाद सही मिलने पर भूखण्ड निलामी से ऐसे मालिकाना हक वाले भूखण्डो को अलग करने के बाद जो भूखण्ड शेष रहेगें उन सभी को ई निमामी के माध्यम से विक्रय करने का प्रस्ताव है। पार्षदो द्वारा रखे प्रस्ताव के अनुसार भूखण्ड निलामी प्रक्रिया को अन्तिम रूप प्रदान करने की सहमति बनने के बाद पालिका प्रशासन द्वारा आय बढ़ाने व विकास के लिए किए जा रहे प्रयासो की सराहना कर भूखण्ड विक्रय के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

# सात दिवसीय सेवा शिविर का प्राचार्य ने किया शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालपुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर का प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलवित कर किया। सोमवार को शुरू हुए शिविर में मौजुद एनएसएस के स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य शर्मा ने कहा कि स्वयंसेवक आत्म नियन्त्रित होंकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सजग भूमिका निभाकर अपने युवा होने के उत्तरदायित्व को ईमानदारी से पूर्ण करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रामसिंह रावत ने विचार प्रकट करते हुए स्वस्थ जीवन का आधार योगा को बताकर प्रतिदिन योग करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में साइबर क्राईम के संदर्भ में एएसआई रामस्वरूप गुर्जर, एवं हरिराम ने विस्तार से जानकारी दी। महिला सुरक्षा प्रहरियो ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हर पहलु के बारे में विस्तार से बताया। वहीं प्रभारी मुकेश कुमार डागर ने सात दिवसीय शिविर के बारे में बताया। इस दौरान संकाय सदस्य सूरजमल सैनी ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ. कल्पना भारद्धाज ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सुधा राठी सहित स्वयंसेवक मौजुद रहे। अंत में सभी स्वयंसेवको ने योग किया।

# जिंद बाबा की चतुर्थ कलश यात्रा निकली, जमकर झूमे श्रद्धालु



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (मनीष शर्मा)।** जिंद बाबा सेवा समिति नला रोड पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ। समिति अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने बताया कि कलश यात्रा में प्रधान कलश की बोली 51 हजार रुपए की छोड़ी गई। कलश यात्रा में हजारों महिलाएं सिर पर कलश रखकर झूमती हुई चल रही थी । इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर जमकर झूमें। कलश यात्रा दादिया वाली ढाणी बालाजी मंदिर से गाजे बाजे के साथ रवाना होकर जिंद बाबा धाम पहुंची। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा का लुफ्त उठाया। इसके बाद विशाल प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बैठकर पंगत प्रसादी ग्रहण की। श्रद्धालुओं ने बाबा के धाम पर ढोक लगाकर आशीर्वाद लिया।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य जिला स्तरीय रेफरल शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविरों का जिला स्तरीय रेफरल शिविर 21 जनवरी को जिला चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि हर नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर जिले भर में आयोजित किए जा रहे है। इसी के तहत 21 जनवरी को जिला अस्पताल में जिला स्तरीय रेफरल शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय इस शिविर में गर्भवतियों की जांच, कैंसर जांच, बीपी शुगर, नेत्र रोग, टीबी, दंत रोग, कुपोषित बच्चों की जांच, परिवार कल्याण परामर्श केन्द्र व टेली कन्सल्टेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### आरएमएसआरयू की वार्षिक आम सभा आयोजित

# नए लेबर कोड व न्यू पेंशन स्कीम की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव यूनियन सवाईमाधोपुर इकाई की वार्षिक आम सभा रविवार को शहर भैरू दरवाजा स्थित गोपालजी मंदिर में हुई। मुख्य अतिथि महासचिव जितेंद्र सिंह कुंभज थे। इस दौरान उपाध्यक्ष सुमीर झा ने नए लेबर कोड, एसपीई एक्ट, पीएफ स्कीम, न्यू पेंशन स्कीम के बारे में जानकारी दी।

जिला सचिव पंकज गुप्ता ने कार्यों का लेखा जोखा व जिला कोषाध्यक्ष शांतनु पारीक ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। दोनों रिपोर्ट को उपलब्ध लगभग 60 दवा प्रतिनिधियों ने सर्वसहमति से पारित किया। वार्षिक आम सभा के अंत में जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। इसमें सर्व सम्मति से पंकज गुप्ता को पुनः जिला सचिव और शांतनु पारीक को पुनः जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। जिला कार्यकारिणी में जितेंद्र दीक्षित, महावीर गुप्ता, अकरम खान, योगेश गुप्ता, विष्णु शर्मा, विजय सिंह, नीतिश पाल, महेश शर्मा, चेतन गुप्ता, कमलेश गोयल, विजय सिंह, तुशांत सिंह राजावत, सुशील सेन, चन्दन शर्मा, अंकित अग्रवाल, राजेश शर्मा को चुना गया। आम सभा को अमीर सिंह और विनोद छापरवाल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कमलेश गोयल, ओपी सैनी, रामवतार सैनी, सन्नी हिरवानी, शैलेन्द्र गोयल, संदीप उपाध्यक्ष, रामस्वरूप महावर सहित कई मौजूद थे।

### सवाईमाधोपुर, दौसा, टोंक जिलों के न्यायिक अधिकारियों की सेमिनार

# सुगम न्याय के लिए करें प्रयास न्यायाधिकारी : भाटी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी जोधपुर के तत्वावधान में गत दिवस न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय पुष्पपेन्द्र सिंह भाटी की अध्यक्षता में द्वितीय त्रैमासिक सेमिनार रणथम्भौर रोड स्थित एक होटल में हुई। प्रोटोकाल अधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में सवाईमाधोपुर, दौसा, टोंक जिलों के न्यायिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान न्यायाधिपति पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से न्यायिक अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में न्यायिक प्रक्रिया को त्वरित और सरल बनाने के लिए इसमें आधुनिक तकनीक का समावेश करना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने इलेक्ट्रॉनिक केस मैनेजमेंट टूल व सामान्य नियम (सिविल व



दाण्डिक), 2018 से संबंधित विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या दो गंगापुर सिटी रेशमा खान, विशिष्ट न्यायाधीश एसटीएससी कोर्ट दौसा, रविकांत सोनी ने जस्टिस एप डिजीकल कोर्ट, सीआइएस आरटीआई पोर्टल ई-पेमेंट वअन्य केस टूल के बारे में जानकारी दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट टोंक यतीन खटाना अपल जिला एवं सेशन न्यायाधीश दौसा समरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरभि सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट नं. 2 गंगापुर सिटी नताशा चौधरी ने सामान्य नियम (सिविल व दाण्डिक) 2018 से संबंधित नियमों की जानकारी दी। इसी प्रकार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाईमाधोपुर भावना भार्गव, न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी सुनीता यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाईमाधोपुर देवेन्द्र दीक्षित का भी कार्यक्रम में सहयोग रहा। इस दौरान पारिवारिक न्यायालय न्यायाधीश गिरीश अग्रवाल, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायाधीश पंकज नरूका, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम, एसीएसटी कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश सुंदरलाल बंशीलाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाईमाधोपुर आशुतोष सिंह आढा आदि मौजूद थे।

### गणतन्त्र दिवस समारोह को लेकर बैठक आयोजित

# राष्ट्रीय पर्व हमारी राष्ट्रीयता के प्रतीक : उपखण्ड अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में सोमवार को 26 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस की तैयारियो को लेकर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजुद अधिकारियो व गणमान्य नागरिको को सम्बोधित करते हुए उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व हमारी राष्ट्रीयता का प्रतीक हैं। राष्ट्रीय पर्व को सभी एक साथ मिलकर उत्साह एवं हर्षोल्लास मनाकर अपने राष्ट्र प्रेम को साबित करने का प्रयास करना



चाहिए। बैठक में हुए निर्णय के अनुसार गणतन्त्र दिवस पर उपखण्ड का मुख्य समारोह राउमावि मालपुरा के उत्सव प्रागंण में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी होगें। जों सुबह 9.30 बजे झण्डारोहण करेगें। इस बार समारोह का मुख्य आकर्षक क्षेत्र के पूर्व सैनिक मार्चपास्ट में शामिल होकर परेड़ करेगें। ऐसा मालपुरा के इतिहास में पहली बार होगा कि किसी राष्ट्रीय पर्व में पूर्व सैनिक पूरे उत्साह, जोश के साथ परेड़ में शामिल होगें। वहीं समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन व अपने अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। उपखण्ड स्तरीय समारोह से पूर्व सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओ में झण्डारोहण होगा। समारोह स्थल की साफ सफाई व बैठक व्यवस्था नगरपालिका प्रशासन द्वारा की जाएगी। बैठक में तहसीलदार पवन मातवा, विकास अधिकारी अभिमन्यू चौधरी सहित अन्य सभी विभागो के अधिकारी या उनके प्रतिनिधि व मालपुरा क्षेत्र के पूर्व सैनिक मौजुद रहे।

# निवाई में चल रहे भक्तामर अनुष्ठान में इन्द्र इन्द्राणियो ने किया भक्ति नृत्य

## सच्ची आस्था का सच्चा फल मिलता है : आचार्य इन्द्रनन्दी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (मनीष शर्मा)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य इन्द्र नन्दी महाराज संध के सानिध्य में आयोजित 16 दिवसीय भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान के चलते श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। समाज के मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में पांचवें दिन पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में एवं जैन मुनि बालाचार्य महाराज संघ के सानिध्य में भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि भक्तामर महामण्डल अनुष्ठान में सोमवार को सोधर्म इन्द्र चेतन अजय शिवाड़ कुबेर



इन्द्र रामबाबू कमलेश जैन झिलाई वालों को सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं इंद्र बनने का सौभाग्य कौशल जैन कोटा, राधेश्याम मोहनलाल कठमाना महेंद्र कुमार अर्पित जैन भांजा, निर्मल कुमार बंटी झॉझरी चेतन कुमार शिवाड़ रामबाबू झिलाई वालों को इन्द्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भक्तामर महामंडल विधान के संयोजक मुकेश बनेठा एवं विमल जौला एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने मण्डप पर 480 श्रीफल अर्ध्य समर्पित किए एवं 3 काव्यों की संगीतमय पूजा अर्चना करते हुए भक्ति नृत्य किए। इस दौरान, महेंद्र चंवरिया, रामपाल जैन, बंटी कठमाणा, बंटी बड़ागांव, विमल बगड़ी, प्रेमचंद जैन, विष्णु बोहरा महावीरप्रसाद छाबड़ा, शंभु कठमाणा जीतु झिलाई सुनील बनेठा महेंद्र कठमाणा विशुद्ध वर्धनी महिला मंडल की अध्यक्ष पिंकी कठमाना प्रचार मंत्री यामिनी छाबड़ा मीनाक्षी बगड़ी निर्मला सोगानी राजुल जैन शकुंतला छाबड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

# चौथ का बरवाड़ा : कस्बे में लगातार बढ़ती चोरियों के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस की कार्यशैली पर सवाल



बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा (चेतन परिहार)।** चौथ का बरवाड़ा कस्बे में लगातार बढ़ती चोरियों के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ईमित्र संचालकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों और व्यापार मंडल के सदस्यों ने सांकेतिक रूप से अपनी दुकानें बंद रखते हुए पुलिस थाने में ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही पीड़ितों और ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कस्बे के सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब हैं, जिनका नियंत्रण पुलिस थाना चौथ का बरवाड़ा में है, लेकिन पुलिस की ओर से इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। खराब सीसीटीवी कैमरों के कारण चोरों को आसानी से चोरी करने का मौका मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने इस मामले में विधायक जितेंद्र गोठवाल से शिकायत करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस की निष्क्रियता को लेकर सख्त कदम उठाने की अपील की है।

# राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग जयपुर के अध्यक्ष ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जी.आर. मूलचंदानी ने सोमवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागृह में कुल 68 बंदी उपस्थित होना पाए।

इस दौरान उन्होंने बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली गई, तो बंदीगण के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में रजिस्टर का संधारण नहीं किया जाना पाया गया, जिस संबंध में कार्यवाहक जेलर को बंदीगण के सामान्य परामर्श संबंधी रजिस्टर का संधारण करवाने के संबंध में निर्देशित किया गया । साथ ही कारागृह में निरुद्ध रहने के दौरान किसी बंदी की मृत्यु होने के संबंध में जानकारी ली गई, तो 2023-24 में किसी भी बंदी की कारागृह में निरुद्ध होने के दौरान मृत्यु नहीं होना पाया गया ।

अध्यक्ष मानवाधिकार आयोग द्वारा मानसिक विमंदित, एचआईवी एवं अन्य बीमारी से ग्रस्त बंदियों के संबंध में जानकारी ली गई तो एक बंदी का एचआईवी से पीड़ित होना एवं किसी भी बंदी का मानसिक विमंदित या किसी बीमारी से ग्रस्त नहीं होना पाया गया । निरीक्षणकर्ताओं द्वारा बंदियों को प्रदान भोजन, नाशते की गुणवत्ता, चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के संबंध में जानकारी ली गई तो बंदियों को प्रदान भोजन, नाश्ते की गुणवत्ता सही पाई गई, साथ ही वीसी के जरिए बंदियों की पेशी एवं परिजनों से मुलाकात के संबंध में जानकारी ली गई ।निरीक्षणकर्ताओं द्वारा साथ ही बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं बंदियो द्वारा बताई गई समस्याओं का तुरंत निराकरण करने के लिए कार्यवाहक जेलर को दिशा-निर्देशित किया गया।

# मीणा महिला संघ का सार्थक प्रयास, मृत्युभोज बन्द करने की वचनबद्धता लाई रंग

## पेश की मिसालः मृत्यु भोज नहीं करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। आदिवासी मीना महिला विकास संघ पदाधिकारियों ने करेल गांव में एक महिला की मौत के बाद मृत्युभोज की तैयारी कर रहे परिवार से समझाइश की। संघ प्रदेशाध्यक्ष मंजू मीना के साथ अठाइस्या के पटेल किशनलाल मीना बरनाला तथा नानजी राम की मौजूदगी में पुलिस व प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर इस सामाजिक कुप्रथा को कानूनी अपराध बताते हुए मृत्युभोज नहीं करने के लिए मनाया। इस दौरान महिला संघ ने मृत्युभोज से समाज और भावी पीढ़ी को होने वाले नुकसान के बारे में बताया। लबी चर्चा के बाद गांव के लोगो ने एक राय होकर प्रकृति को साक्षी मानते हुए केवल करेल गांव में ही नहीं, बल्कि पूरे मीणा समाज में मृत्युभोज बंद कराने का शपथ ली। मृतका के परिजनों ने भी मृत्यु भोज नहीं करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी जसवीर सिंह चौधरी, पुलिस कांस्टेबल अजीत सिंह, प्रहलाद मीना, भोमपाल मीना, गोपाल मीना, हरगोविंद मीणा, धर्मराज मीना, खेमराज मीना, रामफूल मीणा, जयकुमार सहित समाज की दर्जनों महिलाएं भी बैठक में मौजूद रही। इसी तरह बोल्या का बाढ़ गांव में भी मृत्युभोज को लेकर चर्चा की गई। महिला संघ की प्रदेश अध्यक्षा मंजू मीना ने बताया कि मृत्युभोज जैसी कुप्रथा पर खर्च होने वाली राशि को बचाकर शिक्षा के स्तर को सुधारने तथा समाज उत्थान में लगाने का आह्वान किया। इस दौरान महिला संघ से जुड़ी प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा भगोट, संगठन सचिव ममता मीना, सचिव निधी मीना, महासचिव प्रेम मीना, प्रदेश कोषाध्यक्ष किरण मीना, प्रदेश सलाहकार डॉ. अंजू मीना, राजस्थान आदिवासी मीना सेवा संघ सीकर जिला महामंत्री बाबूलाल कण्वट आदि मौजूद रहे।

# जल भराव निस्तारण व स्वच्छता के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करें : सुराणा

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित डीओआईटी सभागार में आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों तथा उपखंड अधिकारियों से विभिन्न मसलों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल भराव क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए एवं कचरा निस्तारण के साथ स्वच्छता के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करें। इसके लिए सभी विकास अधिकारी व नगरनिकाय अधिकारी मशीनरी को एक्टिवेट करते हुए समुचित प्रबंधन करें। कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि जल भराव के प्रबंधन के लिए ग्राउंड वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाएं और निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार रेमेडियल कार्य करें। हमारी प्रतिबद्धता रहे कि गांव व शहर सुंदर दिखें। उन्होंने उपखंड अधिकारियों से कहा कि जिले के सभी खुले बोरवेल सुरक्षित करवाकर सर्टिफिकेट भिजवाएं। सभी अधिकारी अपने उपखंड क्षेत्रों में रोड सेफ्टी गतिविधियों पर फोकस करते हुए सड़क पर संकेतक, मार्किंग व बोर्ड आदि लगवाएं। उन्होंने उपखंड अधिकारियों से कहा कि सर्वेयरों की नियुक्ति करें। रेवेन्यू परिवादों को निस्तारित करें। इसी के साथ मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पशुपालकों को जागरूक करते हुए आवेदन करवाएं। उन्होंने गणतंत्र दिवस तैयारियों को लेकर कहा कि अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। सभी ब्लॉकों में आयोजित किए जाने वाले समारोह गरिमापूर्ण हो। इसके लिए आयोजन की पूर्व तैयारी करें।

एडीएम अर्पिता सोनी ने संपर्क पोर्टल एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलक्टर ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सेवाओं, गणतंत्र दिवस समारोह, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, राजस्व प्रकरणों के निस्तारण, फसल खरीद, उर्वरक उपलब्धता, राइजिंग राजस्थान, जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, फाइलों के निस्तारण, सीएसआर कार्यों, राज्य स्तरीय विषयों, पीएम आवास योजना, जनप्रतिनिधि कोटे के कार्यों, पालनहार योजना, नवाचारों सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, एडीपीएस शुभम शर्मा, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, डीएसओ सुरेन्द्र महला, डीओआईटी एसीपी नरेश कुमार, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, सांख्यिकी डीडी आरजी सेपट, खेल प्रशिक्षक सीताराम प्रजापत, एलडीएम अमर सिंह, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार, आयुक्त अभिलाषा सिंह, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश, गोविंद राहड़, श्यामलाल शर्मा सहित अधिकारीगण मौजूद थे।



## शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 19 वे दिन भी अनवरत जारी

# जिला समाप्त करने के विरोध में 12 वे दिन क्रमिक अनशन धरने पर मुस्लिम समाज शाहपुरा के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश अग्रवाल )।** दिनांक 20-1-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर 12 वे दिन मुस्लिम समाज शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया । संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा व सयोंजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे मुस्लिम समाज शाहपुरा के धर्मगुरु शहर काजी सैयद सराफत अली के नेतृत्व में आम मुस्लिम समाज सदर हामिद खान कायमखानी हाजी उस्मान छिपा पार्षद इरशाद मोहम्मद मुबारक हुसैन अमजद खान सदिक पठान पूर्व कृषि अधिकारी नूर मोहम्मद अतु खा कायमखानी, पार्षद अमजद खान ,गुलशेर खान , महबूब खा , शरीफ मोहम्मद ,ताज मोहम्मद ,लाल खान, यूनुस मोहम्मद ,रफीक ,सद्दाम ,मुबारक, रमजान सहित सैकड़ो सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

**फुलिया गेट चौराहे से 4 किलोमीटर लंबा पैदल मार्च निकाला :** शाहपुरा मुस्लिम समाज के लोग आसपास के कई गांवो से फुलिया गेट चौराहे पर शहर काजी सैयद शराफत अली के नेतृत्व में एकत्रित होकर विशाल आक्रोश रैली निकलते हुए नारेबाजी करते हुए बालाजी की छतरी से त्रिमूर्ति चौराहे पर पहुंचकर प्रदर्शन किया जहां पर कर समाज ने पुष्प वर्षा कर मुस्लिम समाज का स्वागत किया उसके बाद मुस्लिम समाज के लोग विशाल आक्रोश रैली में नारेबाजी करते हुए धरना स्थल उपखंड कार्यालय के बाहर पहुंचे और एक किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन कर शाहपुरा को जिला बनाए रखने की मांग सरकार से की तथा शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य रामेश्वर सोलंकी पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर , अशोक भारद्वाज उदयलाल बैरवा महावीर बैरवा हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पथरिया सह सचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्ता नमन ओझा आशीष भारद्वाज अखिल व्यास अंकित शर्मा पीएलवी अभय गुर्जर सहित संघर्ष समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।




### उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया राज्यपाल के नाम

समिति के अध्यक्ष दुर्गा राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट महासचिव कमलेश मुंडेतिया मुस्लिम समाज के शहर काजी सैयद शराफत अली एवं संघर्ष समिति के सदस्यों सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा और शाहपुर जिले को जिले का दर्जा देने की मांग की।

## महाकुंभ 2025 : सनातन संस्कृति का संगम, महंत नरेशपुरी महाराज को मिला 'सनातनश्री' सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**मेंहदीपुर बालाजी/प्रयागराज ( भरत सिंह )।** महाकुंभ 2025 के पावन अवसर पर मेंहदीपुर बालाजी धाम के सेक्टर 8 कैंप में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सनातन संस्कृति और कुंभ की परंपराओं पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 21 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज को उनके सनातन धर्म और संस्कृति के उत्थान के लिए किए गए अद्वितीय योगदान के लिए सनातनश्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रयागपुत्र राकेश के शुक्ला ने कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जो व्यक्ति को समाज और धर्म से जोड़ता है। महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने अपने संबोधन में कहा, महाकुंभ में आना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। यह न केवल हमारी आस्था का उत्सव है, बल्कि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का जीवन्त उदाहरण है। मेंहदीपुर बालाजी धाम द्वारा महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन हजारों लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया जा रहा है।

महंत नरेशपुरी महाराज ने बताया कि श्री बालाजी महाराज की कृपा से सभी को लाभान्वित करना और सनातन धर्म को सुदृढ़ करना उनका जीवन उद्देश्य है। उन्होंने श्रद्धालुओं से श्री हनुमान महाराज के चरित्र का अध्ययन करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, यज्ञ फाउंडेशन के अध्यक्ष गोविंद नारायण पारीक, संत समिति राजस्थान के अध्यक्ष सियाराम दास महाराज, और अन्य धर्माचार्यों ने भी अपने विचार रखे। महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज को 'सनातनश्री सम्मान पत्र' प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई।महाकुंभ में मेंहदीपुर बालाजी धाम की सुविधाओं ने श्रद्धालुओं के लिए इसे यादगार और सुखद अनुभव बना दिया है। आस्था, सेवा और सनातन धर्म का यह संगम महाकुंभ को विशेष बनाता है।



# जमींदारा सोलर एंड फाइनेस प्रतिष्ठान का किया उदघाटन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने फीता काटकर किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** कस्बे के एसबीआई बैंक के पास नए मार्केट में रविवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने फीता काटकर जमींदारा सोलर एंड फाइनेस प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए पीएम सूर्य घर योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना देशभर लागू करने पहल की है जिसमें सरकार 75 प्रतिशत तक सब्सिडी देती है। इस योजना से सबको बेहतर लाभ मिले तथा इसके साथ ही ग्राहक को गुणवत्ता से सामान इसके लिए संचालकों को ईमानदारी के साथ अपने कारोबार को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर दुकान के संचालक समरजीत सैनी और मांगीलाल बारूपाल ने राजेंद्र राठौड़ का माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हमारे यहां उच्च गुणवत्ता के ब्रांडेड सोलर पैनल ओर इनवर्टर सहित सभी उपकरणों की उचित मूल्य पर उपलब्धता रहेगी। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, पूर्व भाजपा प्रत्याशी राकेश जांगिड़, कृष्णलाल बोहरा, सुभाष चंद्र शर्मा, नवल दुदानी, विजेंद्र जोशी, अंकित शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, राकेश सैनी, सुरेंद्र सैनी, दुर्गेश उपाध्याय, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिष्ठान संचालक समरजीत सैनी और मांगीलाल बारूपाल ने सभी अतिथियों ओर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



# ऐश्वर्या कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज द्वारा कॉलेज परिसर में आयोजित की गई प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम ने छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस ड्राइव में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और छात्रों के कौशल का आकलन किया। आईटी, मैनेजमेंट, फाइनेंस और मार्केटिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए। आर्कगेट, पायरॉटेक, पिरामल फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई कैपिटल सिक्योरिटीज, मेटाफिट वेलनेस, वेबरनिक्स, द स्टडी स्कूल, माउंट व्यू स्कूल, शेपवे जैसी कंपनियों ने छात्रों के साक्षात्कार लिए। इस ड्राइव में 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ रितु पालीवाल ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि कॉलेज का उद्देश्य छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

उन्होंने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव ने साबित किया है कि हमारे छात्र प्रतिभाशाली हैं और वे किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। ऐश्वर्या शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राशि माथुर ने कहा कि छात्रों ने प्लेसमेंट ड्राइव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, यह हमारे शिक्षण के स्तर का प्रमाण है। उन्होंने सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## बरसात में क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण की मांग, प्रदर्शनकारियों ने पीडब्ल्यूडी ऑफिस पर किया प्रदर्शन, बोले- सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** क्षेत्र के गांव धुरैरी, मावली और पुराहरलाल के सैंकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए गांव की क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण कराए जाने की मांग की। इससे पहले ग्रामीणों ने एसडीएम दीपक मित्तल और पीडब्ल्यूडी एक्सईएन बृजमोहन जाटव को भी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। गुर्जर महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर पटेल के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी ऑफिस पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में उनके गांवों को बयाना-हिंडौन स्टेट हाइवे से जोड़ने वाली सड़क टूटकर जर्जर हालत में आ गई है। इससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। सड़क में गड्ढों से आए दिन हादसे हो जाते हैं। एंबुलेंस चालक भी गांवों के गंभीर मरीजों को गांव से ले जाने में आनाकानी करते है। इससे कई बार मरीजों की जान तक पर बन आती है। ग्रामीणों ने जल्द ही क्षतिग्रस्त सड़क का नवीनीकरण नहीं कराए जाने पर बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रमन सिंह, इंदर सिंह, राजेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश, महेंद्र, मानसिंह, रामदयाल महाराज सिंह, कमल सिंह, बिशन सिंह, बृजेंद्र सिंह, सोहन सिंह, रामसिंह, दौली आदि कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**इनका कहना है :** मौसम में थोड़ा सा टेंपरेचर बढ़ने पर क्षतिग्रस्त सड़क का पेचवर्क कराया जाएगा। इसके साथ ही सड़क के नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

**बृजमोहन जाटव अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग**

# जेवर गिरवी रखकर आ रही महिला की फ्री में की सिजेरियन डिलीवरी पीड़ित महिला जेवर गिरवी रखने की बात सुनकर पसीजा डॉ का दिल

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के दमदमा रोड पर निजी आरके अस्पताल में एक महिला ने सिजेरियन से बच्चे को जन्म दिया। एक तरफ जहां निजी अस्पताल संचालकों द्वारा मरीजों की आर्थिक स्थिति को लेकर किसी भी तरह रहम नहीं किया जाता। जेसे भी होता है उसका शोषण किया जाता है। आरके अस्पताल के संचालक वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर योगेश तिवारी ने बताया कि एक महिला आरती पत्नी रोहतास जाति भोपा बिडयारी जिसकी 2 साल पहले भी ऑपरेशन के द्वारा डिलीवरी हुई थी दूसरी डिलीवरी होनी थी वह भी ऑपरेशन से ही संभव थी। इसके लिए हमने ऑपरेशन की सारी तैयारी पूरी कर ली थी जैसी हमें मालूम चला की दवाइयां के पैसे भी यह जेवर गिरवी रखकर ला रहे है। डॉक्टर तिवारी ने बताया उसी वक्त मैंने मन में ठान लिया इस पीड़िता का पूरा खर्चा आरके हॉस्पिटल उठाएगा । डॉ तिवारी ने बताया सही समय पर किसी गरीब और जरूरतमंद को अगर सहायता मिल जाए तो कर देना चाहिए। मन को बहुत सुकून मिलता है। फ्री में हुई सिजेरियन डिलीवरी के बाद पिडित की मां ने डॉक्टर साहब का तहे दिल से बहुत-बहुत आभार जताया और उनको दुआएं भी दी है।

इस घटना के बाद पूरे बयाना ने डॉक्टर तिवारी व आरके हॉस्पिटल स्टाफ के कार्य को लेकर चर्चाएं हो रही है। इस निशुल्क व सफल आपरेशन में रौनक राजोरिया, प्रियंका शर्मा, शकुंतला,पूजा गहलोत,शुभम पाराशर आदि भी मौजूद रहे ।



## आर्य समाज मंदिर में रविवारीय यज्ञ के साथ हुआ पोष बड़ा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

बयाना /भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। कस्बे के आर्यसमाज मंदिर में रविवारीय यज्ञ व सत्संग के साथ-साथ पौष-बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ यज्ञ की ब्रह्मा आचार्या हेमलता शास्त्री के द्वारा पवित्र अग्निहोत्र करवाकर किया गया। प्रांगण में उपस्थित सभी महिला, पुरुष, आर्यवीर एवं आर्यवीरांगनाओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव से वैदिक मंत्रों के साथ अग्निहोत्र में आहुतियां समर्पित की। यज्ञ के पश्चात भजनों की मधुर प्रस्तुति राधा आर्या के द्वारा व परम सुख आर्य के द्वारा दी गई। भजन के पश्चात आर्यवीर हार्दिक को जन्मदिन का आशीर्वाद आचार्या हेमलता शास्त्री जी के द्वारा प्रदान किया गया।भजन के पश्चात मकर संक्रांति पर्व को लेकर उद्बोधन भाई धर्मेंद्र आर्य के द्वारा दिया गया। धर्मेंद्र जी ने संक्रांति क्या है ,कब होती है, कब मनानी चाहिए व कैसे माननी चाहिए आदि विषयों को लेकर बड़े ही रोचक जानकारी आर्य समाज मंदिर में आए सभी श्रोताओं के मध्य में रखी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप आर्य के द्वारा बड़ी कुशलता के साथ किया गया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ व पौष बड़ा के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य रवि शंकर आर्य, कमल आर्य, परमसुख आर्य, दयानंद आर्य, बिरजू आर्य, मनोज कंसल, प्रवीण शास्त्री, साहब सिंह आर्य, मनोज मित्तल, सुनयना आर्या, राधा आर्या, शालू सिंघल, मधु आर्या, मुक्ता आर्या, भावना आर्या सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 10 दिवसीय बालिका सशक्तिकरण और कौशल विकास शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब दृष्टि द्वारा एनआईसीसी में 10 दिवसीय बालिका सशक्तिकरण और कौशल विकास शिविर आयोजित किया गय। जिसका सोमवार को समापन हुआ। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री मुग्धा गोडसे द्वारा क्लब को एक विशेष सम्मान प्रदान किया गया। क्लब की संरक्षिका डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि समापन कार्यक्रम होटल तथास्तु में आयोजित किया गया, जहां रोटरी क्लब के कई प्रमुख सदस्य और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस आयोजन में क्लब द्वारा लड़कियों के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए गए कार्यों को सराहा गया। इस अवसर पर मुग्धा गोडसे ने रोटरी क्लब के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने भी लड़कियों के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



## मंसूरी समाज द्वारा कपासन में आयोजित कार्यक्रम में परिचय सम्मेलन के साथ 156 प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित


कपासन दरगाह शरीफ मे मंसूरी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह मे उपस्थित अतिथि।

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ परिसर मे मंसूरी समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे समाज के 156 विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया। मंसूरी एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर द्वारा उदयपुर संभाग का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मंसूरी समाज परिचय सम्मेलन का दरगाह शरीफ स्थित अहमद कबीर मंजिल मे रविवार को आयोजन हुआ।सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम तिलावते कलामे पाक से शुरू तथा नात शरीफ व मनकबत पढने के बाद सत्र 2023-24 में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले 156 विद्यार्थियो को प्रशस्ती पत्र एवं पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय एस मेहता पूर्व अध्यक्ष विद्या भवन सोसायटी एवं सेवा मंदिर संस्थान,मेहमान ए खुसूसी हाजी आजाद हुसैन मंसूरी पूर्व उपसरपंच सांवलियाजी, मोहम्मद यासीन खां अशरफी सैक्रेट्री वक्फ कमेटी दरगाह हज़रत दीवाना शाह,रफीक मोहम्मद मंसूरी गुलाबपुरा,अजीज मोहम्मद मंसूरी, हाजी अल्लाहबेली मंसूरी,डॉ. नूरजंहा मंसूरी असिस्टेन्ट प्रोमोलासुवि उदयपुर, शहीद मेजर मुस्तफा की वालदा फातिमा बोहरा उदयपुर, हाजी मोहम्मद खां मंसूरी सदर पंचमंसूरियान कपासन आदि समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंसूरी वेलफेयर सोसायटी सचिव जाहिद मोहम्मद ने बताया कि बाद नमाजे जोहर के अविवाहित 107 मंसूरी समाज के युवक-युवतियों द्वारा परिचय सम्मेलन में स्वयं का परिचय एवं योग्यता बताई। इस कार्यक्रम में जिला उदयपुर,भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ मध्य प्रदेश आदि क्षेत्रों से आगंतुक समाजजन द्वारा भाग लिया गया।सोसायटी सदर द्वारा मंसूरी एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के पदाधिकारियो, दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्यो एवं कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बाद नमाजे असर के सलातो-सलाम पर कार्यक्रम हुआ।जिसका संचालन मोहम्मद अब्बास मंसूरी अजहर अशरफी एवं सना खान मंसूरी उपप्रधानाचार्य निम्बाहेडा द्वारा किया गया।

# रोडवेज बस पर पथराव, बीस मिनट तक डर के साये में रहे यात्री

## स्कूटी सवार छात्रा के गिरने से हुई गलतफहमी, लोगों ने पीछा कर रुकवाई बस

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** रोडवेज बस के आगे चल रही एक स्कूटी सवार छात्रा के गिरने पर ग्रामीणों ने बस पर पथराव कर दिया। हादसे से बस में यात्रियों में दहशत फैल गई। करीब बीस मिनट तक बस में सवार लोग डर के साये में रहे। पथराव से बस के शीशे टूट गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया। मामला केकड़ी क्षेत्र के सावर थानांतर्गत ग्राम धुंवाला के पास सोमवार सुबह दस बजे का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूंदी डिपो की रोडवेज बस कोटा की तरफ जा रही थी। इस दौरान सावर थाना क्षेत्र के नापाखेड़ा गांव में बस के आगे चल रही स्कूटी सवार बीएड छात्रा अचानक असंतुलित होकर गिर गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने करीब आधा किलोमीटर पीछा कर बस को भीलवाड़ा की सीमा के पास धुंवाला गांव में रुकवा लिया तथा करीब 7-8 लोगों ने बस पर पथराव शुरू कर दिया। घटना से बस में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया।

### बस में सवार छात्रा हुई बेसुध

इस दौरान बस ड्राइवर और कंडक्टर ने बस का गेट बंद कर लिया। करीब 20 मिनट तक यात्री डर के साये में रहे। पथराव के दौरान बस में सवार एक छात्रा घबराकर बेसुध हो गई। यात्रियों द्वारा पानी पिलाने के बाद छात्रा को होश आया। सूचना पाकर समीपवर्ती हनुमान नगर (भीलवाड़ा) थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस बीच सावर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक बस मौके पर रुकी रही। लोगों से समझाइश के बाद बस को रवाना किया गया।

### सावर थाना क्षेत्र का है मामला

बस कंडेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि ओवरटेक करते समय बस और स्कूटी में काफी दूरी थी। बस की आवाज से छात्रा का संतुलन बिगड़ा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बस का पीछा कर रुकवाया। इसके बाद पथराव किया। हनुमान नगर थाना हेड कांस्टेबल रामराय ने बताया कि आपसी समझाइश के बाद रोडवेज बस में यात्रियों को बैठाकर रवाना किया गया। मामला सावर थाना क्षेत्र का है और वहां की पुलिस को सूचित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई सावर थाना पुलिस द्वारा की जाएगी।



## अमित गोधा को जोधपुर सुर्य नगरी में मॉ अन्नपूर्णा सेवा सम्मान समारोह 2025 नवाजा



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** समाजसेवी व भामाशाह वर्तमान जिन शासन नायक 1008 श्री महावीर भगवान के परम भक्त व मुनि सेवा, समाज सेवा व जन मानस की सेवा में अग्रसर रहने वाले अमित गोधा को जोधपुर सुर्य नगरी में मॉ अन्नपूर्णा सेवा सम्मान समारोह 2025 से साफ़ा पहनाकर व दुपट्टा ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया देश विदेश के जाने-माने भामाशाह व समाजसेवी कमल बैद विशाखापत्तनम - लाडनूं व अहिंसा क्रांति सम्पादक मुकेश नाहर व सह सम्पादक सुरेन्द्र मुणोत में ब्यावर के अमित गोधा को मॉ अन्नपूर्णा सेवा सम्मान समारोह 2025 से सम्मानित किया गया।

अमित गोधा भगवान महावीर के जीव दया के सिद्धांत के प्रतिपालक है सात्विक जीवनशैली को अपनाकर जियो और जीने दो के सिद्धांत को जन जन तक पहुँचाने में अपना में योगदान दे रहे हैं मानव सेवा के प्रति संकल्पित गोधा भगवान के अहिंसा सिद्धांत के प्रति समर्पित होकर इस क्रांति को मानव सेवार्थ जीवनशैली अंगीकार करने के लिए विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से प्रसारित कर रहे हैं। अमित गोधा शहर के जाने माने फ़ोटोग्राफ़र चंद्रप्रकाश गोधा के सुपुत्र है पूर्व में भी अमित गोधा को सामाजिक कार्यों में सेवाएँ देने के लिए कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है अमित गोधा की इस उपलब्धि के लिए दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक काला मंत्री दिनेश अजमेरा सहित समाज के गणमान्य नागरिकों सहित कई सामाजिक संगठनों ने बधाई प्रेषित की ।

## श्रम न्यायालय का निर्णय : 14 साल पुराने दुर्घटना के मामले में 25 लाख का अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** श्रम न्यायालय द्वारा अपने एक फैसले में 14 साल पहले हुई एक दुर्घटना में घायल राजू पिता गोविन्द चारण निवासी घटियावली के पक्ष में ब्याज सहित लगभग 25 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया गया। उक्त राशि का 25 प्रतिशत हिस्सा वाहन मालिक को चुकाना होगा जबकि 75 प्रतिशत राशि बीमा कंपनी दि न्यू इण्डिया इन्श्योरेंस को चुकाने के आदेश दिए गए। प्रकरणानुसार प्रार्थी राजू चारण ट्रेलर नम्बर आरजे 27 जीबी 0474 पर खलासी के रूप में काम करता था। ट्रेलर 26 मई 2011 को रात्रि साढ़े 3 बजे राजस्थान से पत्थर का पाउडर भरकर मोरवी गुजरात जा रहा था।

इसी दौरान साणंद, वीरम गांव हाईवे रोड़ खेलिया नागदेव मंदिर के पास ट्रैलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे प्रार्थी का एक पांव घुटने के नीचे से टूट गया। प्रार्थी ने क्षतिपूर्ति हेतु अपने अधिवक्तागण जसवंतसिंह राठौड़, प्रेमसिंह पंवार के मार्फत श्रम न्यायालय में वाद पत्र पेश किया। जिस पर न्यायालय ने प्रार्थी के पक्ष में 8 लाख 65 हजार 381 रूपये दिनांक 25 मई 2011 से 12 प्रतिशत मय ब्याज चुकाने का निर्णय पारित किया। इसमें से 25 प्रतिशत राशि मावली के बोयाणा निवासी वाहन मालिक दुर्गेश पिता किशनसिंह राव को चुकानी होगी तथा शेष राशि बीमा कंपनी के जिम्मे रहेगी।

## बचपन बचाओ ,नशे व मोबाइल की लत मिटाओ

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** बचपन बचाओ ,नशे व मोबाइल की लत मिटाओ अभियान के तहत जिला कलेक्टर नके सोमवार को मेला मैदान भवानी मंडी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुवा।जिसमे सोमवार को प्रात:11 बजे जिले सभी विद्यालयों में जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौर ने नशे व मोबाइल छोड़ने की शपथ दिलाई।

इसी क्रम में चौमहला मदरसा फजल मेमोरियल स्कूल में बच्चों को नशे व मोबाइल की लत से दूर रहने की शपथ दिलाई गई ।इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदर मोहम्मद अतीक ,हाफिज मोहम्मद हनीफ ,शिक्षा अनुदेशक सलमान अली ,मोहम्मद अमरीन आलम ,अब्दुल सलीम कुरेशी मौजूद रहे।

# कांस्टेबल फूलचंद मोरलिया का असामयिक निधन, राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

## केकड़ी क्षेत्र के घटियाली गांव में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी क्षेत्र के सावर उपखंड अंतर्गत ग्राम घटियाली निवासी एवं टोंक पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल फूलचंद वर्मा (मोरलिया) का असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले तीन-चार दिनों से अस्वस्थ चल रहे कांस्टेबल मोरलिया का इलाज अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में चल रहा था। रविवार तड़के इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। रविवार दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर उनके गांव घटियाली लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामवासियों में शोक का माहौल छा गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गांव और आस-पास के लोग शामिल हुए।

**राजकीय सम्मान के साथ विदाई :** अंतिम संस्कार के दौरान टोंक पुलिस थाने के एएसआई मदनलाल, कमांडो और सावर थाने के थानेदार बनवारी लाल मीणा सहित पुलिस जाप्ता मौजूद रहे। कांस्टेबल फूलचंद मोरलिया के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ तिरंगे में लपेटकर और गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई। उनके बड़े पुत्र राजकुमार मोरलिया ने उन्हें मुखाग्नि दी।

**गणमान्य लोग रहे मौजूद :** अंतिम संस्कार में रेगर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कांसोटिया, पूर्व थानेदार राजपाल मोरलिया, जहाजपुर अंबेडकर विचार मंच के संरक्षक भवानी राम रेगर, सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार डिडवारिया, मुकेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार रेडिया सहित कई गणमान्य लोग और समाजबंधु मौजूद रहे। कांस्टेबल फूलचंद मोरलिया की मृत्यु से गांव और पुलिस विभाग दोनों में शोक व्याप्त है। उनके सामाजिक



योगदान और सेवा के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

## विश्व शांति दिवस मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** ब्रह्मा कुमारीज प्रताप नगर सेवा केंद्र पर प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 86वा पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। राजयोग सेवा केंद्र संचाली का आशा दीदी जी ने बताया कि पिताश्री प्रजापिता ब्रह्मा बाबा पूर्ण स्वतंत्रता काल में सिंधु प्रांत के हीरे जवारत के एक धनरेट व्यापारी थे। विभक्ति पूजा में अटूट लग्नशील और सात्विक जीवन व्यवहार वाले थे। उनकी आयु के 6 दशक पर होने पर उन्हें परमपिता परमात्मा शिव के द्वारा अलौकिक साक्षात्कार कराए गए जिसमें उन्होंने इस पुरानी दुनिया के महाविनाश और आने वाली स्वर्णिम दुनिया के नजारे देखें। नई दुनिया अर्थात सत्य और पवित्रता से देवी दुनिया को लाने के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर किया और साथ ही एक ऐसी अध्यात्मिक क्रांति का सूत्रपात किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ प्रधान श्रीमती देवेंद्र कंवर, विनोद जी यति महाराज, साई एस्ट्रो विजन से बहन हरदीप कौर, कृष्णा बहन, समाज कल्याण अधिकारी ओम प्रकाश तोषनीवाल, मनीता बहन, रेवेन्यू इंस्पेक्टर कुसुम बहन, बालकिशन भाई, रेलवे से वरिष्ठ अधिकारी सुभाष भाई वन विभाग से राजपाल भाई आशीष भाई कई अतिथियों ने ब्रह्मा ब्रह्मा बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पंचायत चुनाव समय पर नही कराना संविधान के विरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश की ग्राम पंचायत के चुनाव स्थगित की असंवैधानिक एवं लोकतंत्र विरोधी अधिसूचना को निरस्त कर समय पर चुनाव करवाने की माँग को लेकर युवा कांग्रेस के नेता एडवोकेट गोपाल सालवी (सुरजना) ने राजस्थान के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे गए इस पत्र के अनुसार यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 243ई व राजस्थान पंचायतों राज अधिनियम 1994 की धारा 95 के विरुद्ध है। संविधान एवं पंचायत राज अधिनियम में 5 वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति के उपरांत किसी भी परिस्थिति में कार्यकाल बढ़ाने अथवा चुनाव स्थगित करने का प्रावधान नहीं है। अपितु इस अनुच्छेद में यह प्रावधान है कि यदि राज्य सरकार किसी भी पंचायती राज सरकार को बीच में विघटित करती है तो 6 माह में चुनाव करवाना अनिवार्य है। राजस्थान सरकार के कल जारी की गई अधिसूचना में अपरिहार्य कारणों का हवाला देकर बिना कोई समय सीमा के प्रदेश की 6759 ग्राम पंचायतों के चुनाव स्थगित कर दिए हैं। वर्तमान में प्रदेश में ऐसी कोई अपरिहार्य कारण नहीं है जिसकी वजह से चुनाव नहीं करवाया जा सकता। स्वयं राज्य चुनाव आयोग ने स्थानीय निकायों के चुनाव की पूरी तैयारी करने की जानकारी दे चुका है। वैसे भी अपरिहार्य कारण को प्रमाणित करने का अधिकार सिर्फ चुनाव आयोग के पास होता है राज्य सरकार इस प्रकार से मनमाने पूर्ण तरीके से आदेश जारी नहीं कर सकती। जब संविधान में किसी भी परिस्थिति में 6 माह के भीतर चुनाव करवाना अनिवार्य है तो यहां इस आदेश में किसी भी प्रकार की समय सीमा का निर्धारण नहीं करना भी पूरी तरह असंवैधानिक है। इससे प्रदेश में स्थानीय सरकारों को कमजोर करने की एक गलत परंपरा प्रारंभ हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में यह परंपरा देखी जा रही है कि स्थानीय सरकारों को स्वशासन की इकाई बनाने की स्थान पर प्रशासनिक इकाइयों में तब्दील किया जाए या इन्हें मृत प्रायरू कर दिया जाए।

यह प्रवृत्ति विकेंद्रीकृत लोकतंत्र के विरुद्ध है। सालवी इस असंवैधानिक, तानाशाही पूर्ण एवं लोकतंत्र विरोधी निर्णय का विरोध करता है।

## नियमित कक्षा संचालन को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** नवीन संचालित घोसुण्डा महाविद्यालय में नियमित कक्षाएं संचालित कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्तौड़गढ़ की घोसुंडा की महाविद्यालय इकाई ने चितौड़गढ़ पीजी महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। कॉलेज इकाई अध्यक्ष प्रकाश भील ने बताया कि महाविद्यालय में लगभग एक माह से कोई भी कक्षा संचालित नही की जा रही है जिससे एक माह से महाविद्यालय बंद पड़ा है और महाविद्यालय में आने वाले विद्यार्थी कक्षा संचालित नहीं होने के कारण लाभ नहीं ले पा रहे हैं तथा विद्यार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। घोसुंडा महाविद्यालय विद्यार्थी परिषद की इकाई द्वारा समस्याओं को देखते हुए नगर संयोजक विजय खटीक, इकाई सचिव भावना योगी, इकाई उपाध्यक्ष मंजु पुर्बिया, विशाल जाट आदि की उपस्थिति में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया और जल्द से जल्द कक्षाएं प्रारंभ करवाने की मांग की।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुआ वार्षिक उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ग्राम पंचायत सारोठ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यअतिथि गोपाल सिंह, बोरवा अतिविशिष्ट अतिथि भीम के प्रधान बिरम सिंह अध्यक्षता प्रधानाचार्य देवी सिंह द्वारा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य देवी सिंह ने बताया कि विद्यालय में विज्ञान संकाय एवं खेल मैदान की चार दिवारी जो अति आवश्यक है। इनके बाद सुरेश कुमार प्रजापत ने विद्यालय की ओर से संपूर्ण विकास एवं अध्यापन के बारे में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विज्ञान संकाय खोलना एवं बच्चों के शारीरिक विकास के लिए रेसलिंग मेट एवं उपकरण मांगे उनके बाद स्थानीय वार्ड पंच राजू सिंह चौहान द्वारा इंद्र सागर तालाब से लेकर बडकोचरा सीमा तक नहरीकरण की व्यवस्था के लिए पुरजोर मांग रखी। इसके बाद विज्ञान संकाय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,बालिका विद्यालय ,आदि मुद्दों पर मांग रखी गई इसके बाद भीम प्रधान वीरम सिंह द्वारा ग्राम पंचायत सारोठ में अभी तक 80 लाख रुपये के विकास कार्य हेतु दिए इसके साथ-साथ अलग से डीएमएफटी फंड से दो अलग-अलग डामरीकरण सड़क के लिए 28 लाख एवं और भी कई कार्य करवाए गए बीरम सिंह प्रधान द्वारा कहा गया भविष्य में सारोठ के लिए जितना मांगोगे उतना दिया जाएगा तत्पश्चात मुख्य अतिथि गोपाल सिंह द्वारा भीम विधायक हरि सिंह के प्रतिनिधित्व के तौर पर उन्होंने विज्ञान संकाय एवं इंद्र सागर तालाब से लेकर बडकोचरा सीमा तक नहरीकरण के लिए आश्वासन दिया जल्द से जल्द इन दोनों कार्यों के प्रस्ताव भिजवा दिया जाएगा। प्रधानाध्यापक चंपालाल द्वारा धन्यवाद अर्पित किया गया इस अवसर पर गोपाल सिंह विधायक प्रतिनिधि ,बिरम सिंह भीम प्रधान, नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य मिट्ठू सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जफरु भाई, डूंगर खेड़ा पूर्व सरपंच कूप सिंह ,सरपंच प्रतिनिधि दीपराज सिंह, कालू सिंह, छगन सिंह, खुमान सिंह, के अलावा गांव के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे एवं आसपास के महिला पुरुष भी मौजूद थे।



## प्रयागराज महाकुंभ में भागवताचार्य मौड़ सुनाएंगे हनुमंत चरित्र कथा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( प्रियंका दाधीच )।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के तहत गंगा पट्टी में लगने वाले बैरागी कैंप सेक्टर नंबर 18 के पुराने जीटी रोड अन्नपूर्णा मार्ग के मुहाने पर झुंसी गांव की तरफ से मेला क्षेत्र में प्रवेश करने पर दाई लाइन के पहले प्लॉट में मीरा मेवाड़ खालसा संचालित हो रहा है। प्रयागराज महाकुंभ के पावन अवसर पर मीरा मेवाड़ खालसा के महामंडलेश्वर महंत संत चेतन दास महाराज के द्वारा एक माह तक आयोजित धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं। इसमें अखंड राम धुन, शिव पुराण, श्रीमद भागवत, नानी बाई का मायरा आदि कथाएं हो रही है। इसी क्रम में 27, 28 जनवरी से चित्तौड़गढ़ के भागवताचार्य पंडित जनार्दन मौड़ द्वारा श्री हनुमानजी महाराज की लीलाओं, चरित्रों का वाचन किया जाएगा। मीरा मेवाड़ खालसा में संत रामसागर दास, संत अनूजदास, संत श्री रामपाल, इंद्रमल चौधरी, जगदीश, पंडित ओमप्रकाश उपाध्याय, कमलेश खंडेलवाल आदि के सानिध्य में भक्तों के आवास की व्यवस्था की जा रही है जिसमें जिसमें हजारों संतो का भंडारा एवं भक्त महाप्रसाद प्राप्त कर रहे हैं। दूसरा शाही स्नान मौनी अमावस्या को किया जाएगा। इसमें राजस्थान मध्य प्रदेश गुजरात महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के सभी भक्त भाग लेंगे। यह जानकारी परशुराम भागवत सेवा समिति के हरिओम मौड़ ने दी।



## संयुक्त माली समाज महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति लगवाने का दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** संयुक्त माली समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष अंता को महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति लगवाने के लिए ज्ञापन दिया ।

पालिका अध्यक्ष के साथ में भाजपा बारा के जिलाध्यक्ष नंदलाल जी सुमन भी स्थापित रहे,समाज के लोगों ने बताया कि सर्व समाज का उत्थान करने वाले महापुरुष ज्योतिबा फुले की मूर्ति मालियों के मंदिर के पास लगवाई जावे। ग्यापन देने में महेंद्र सुमन पार्षद, जितेंद्र सुमन पार्षद, कुलदीप शाक्य पार्षद, संतोष सुमन, कुलदीप सुमन पलायथा नरेंद्र गहलोत, हेमराज सुमन ,राजेंद्र सुमन, महावीर सुमन, मुकेश सैनी, मनराज सैनी, , रणजीत सुमन, बृजेश सुमन,आदि समाज के लोग स्थापित रहें ।



### जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

# पीएचसी पर पहली बार संस्थागत प्रसव शुरू व 2 पीएचसी एनक्वास से हुई सर्टिफाइड एवं 20 और संस्थानों को एनक्वास सर्टिफाइड कराने का दिया लक्ष्य

### 70 से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड के ई-केवाईसी हेतु 31 जनवरी से पूर्व जिलेभर में लगेंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जिले में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करें। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में क्रियान्वित करावे। जिले की विभिन्न बिन्दुओं में रैंकिंग में सुधार करें। इसमें लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाए। उन्होंने सीएमएचओ व डीओआईटी के एसीपी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के शेष ई-केवाईसी कराने हेतु 31 जनवरी तक ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष शिविर लगाकर शत-प्रतिशत केवाईसी का कार्य करें। साथ ही आयुष्मान कार्ड का भी वितरण करावे। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की समीक्षा कर योजना के तहत जिले की चिकित्सा संस्थानों में आगामी एक माह में रोगियों के उपचार में अधिकाधिक क्लेम बुक करने के निर्देश देते हुए एक माह में 15 लाख रूपये की राशि के क्लेम बुकिंग में वृद्धि करने के निर्देश दिये तथा 31 मार्च तक कुल क्लेम बुकिंग में एक करोड रूपये की वृद्धि करें, ताकि रोगियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके तथा संबंधित चिकित्सा संस्थान को बुक क्लेम की राशि प्राप्त हो सके। जिला कलक्टर ने विगत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में जिले में 7 पीएचसी बालेटा, ईटेडा, दुबी, झिरी, सेमलाखुर्द, नायना व समरा में पहली बार संस्थागत प्रसव प्रारम्भ होने पर संतुष्टि जाहिर कर निर्देश दिये कि शेष रही पीएचसी में भी संस्थागत प्रसव प्रारम्भ करावे इसके लिए आवश्यक संसाधनों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले की पीएचसी बगडमेव व जामडोली को एनक्वास सर्टिफिकेट मिलने पर चिकित्सा विभाग की टीम को बधाई दी। साथ ही निर्देश दिये कि चरणबद्ध रूप से जिले के चिकित्सा संस्थानों को एनक्वास सर्टिफाइड करवाए। इसके लिए प्रथम चरण में 20 चिकित्सा संस्थानों को एनक्वास सर्टिफाइड यथाशीघ्र कराने का प्रयास करें। उन्होंने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के अन्तर्गत जिले की रैंकिंग का फीडबैक लेते हुए निर्देशित किया कि योजना की रैंकिंग सुधारने हेतु कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों को पाबन्द करें कि समयबद्ध रूप में एंट्री करावे तथा एक माह में जिले की रैंकिंग टॉप 10 जिलों में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। बैठक में सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. के.के मीणा, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. मंजू शर्मा, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. छबील कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### पहल- जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 24 जनवरी को होगा 'माय स्कूल, क्लीन स्कूल' अभियान का आयोजन

## माय स्कूल, क्लीन स्कूल अभियान के तहत अब सरकारी स्कूलों में होगी विशेष रूप से साफ-सफाई



### कलक्टर असावा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द (सुरेश बागोरा)।** जिले के सभी राजकीय विद्यालयों में 24 जनवरी को माय स्कूल, क्लीन स्कूल की थीम पर स्वच्छता अभियान आयोजित करें ताकि स्कूलों में प्रभावी तौर पर सफाई सुनिश्चित होकर बच्चों को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। ये निर्देश जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में दिए।

इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की समीक्षा की। कलक्टर ने कहा कि इस योजना के तहत गोपाल क्रेडिट कार्ड धारक, लखपति दीदी योजना लाभार्थी तथा लॉटरी द्वारा चयनित जन आधार कार्ड धारक पशुपालक के पशुओं जैसे गाय भैंस, बकरी, भेड़ तथा ऊंट का बीमा किया जा रहा है। यह योजना पशुपालकों के लिए बहुत उपयोगी है ऐसे में पशुपालन विभाग के अधिकारी पात्र पशुपालकों को इससे जोड़ लाभान्वित करें। कलक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा की इस योजना में हर वर्ग के 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख के मुफ्त उपचार की सुविधा है। ऐसे में इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें और जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी वरिष्ठ नागरिक वंचित नहीं रहे। उन्होंने संस्थाओं का सहयोग लेकर हर पात्र को जोड़ने की बात कही। असावा ने इस दौरान संपर्क पोर्टल पर पेंडिंग प्रकरणों, लंबित ई फ़ाइलों की समीक्षा करते हुए सभी पेंडेंसी क्लियर करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि आमजन की शिकायतों का समुचित समाधान किया जाए और कोई शिकायत पेंडिंग न रहे। कलक्टर ने बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने विद्यार्थियों की अपार आईडी की संबंध में कहा कि सभी बच्चों की अपार आईडी बनाने का कार्य शीघ्र से शीघ्र पूर्ण हो। प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कपड़े व जूट के बैग करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने विशेष सफाई अभियान पखवाड़े को लेकर नगर निकायों से चर्चा करते हुए नगरीय क्षेत्रों में समुचित ढंग से सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएमएफटी के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने और जो कार्य शुरू नहीं हुए हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से शुरू करने के निर्देश दिए।

# दुगारी गांव बंद कर एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

### पांच दिन का दिया पुलिस प्रशासन को अल्टीमेंटम, अनशन की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** दुगारी पंचायत मुख्यालय पर 20 दिन पूर्व एक व्यापारी के यहां सुने मकान में करीब 80 लाख के सोने,चांदी के गहने, एंव नगदी चोरी हो गये थे। जिले की सबसे बड़ी चोरी का पर्दापाश करने के लिए नैनवां सहित जिले की कई टीमो के अथक प्रयास से चोरी का पर्दापाश किया गया ओर एक दर्जन करीब आरोपियो को गिरफ्तार भी किया गया लेकिन 20 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस ने चोरी गये सम्पूर्ण माल की बरामदगी नहीं कर पा रही है जिससे दुगारी गांव व्यापार मण्डल एंव अमजन में पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठा रहे है। सोमवार की अलसुबह दुगारी गांव के व्यापारियो ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करके पुलिस की कार्यवाही पर रोष प्रकट किया गया। इसके बाद सभी लोग साधनो से नैनवां पहुॅचे। बटवाड़िया की टेक से सभी महिला एंव पुरूष हाथो में तख्तिया लेकर उपखण्ड कार्यालय पहुॅचे। जहां उन्होने चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामदगी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी सहित जाप्ता मुस्तैद रहा। प्रदर्शन के बाद सभी लोगो ने जिला कलक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि ओम प्रकाश जैन आत्मज जयकुमार जैन निवासी दुगारी के यहां एक जनवरी के मध्य रात्री को सुने मकान में चोरों द्वारा चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। इस वारदात को हुए 20 दिन हो चुके हैं। लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक वारदात में शामिल सभी आरोपियों को व चोरी हुए पुरे माल को बरामद नहीं किया है। जिससे दुगारी व्यापर मंडल एवं ग्रामवासियों में भारी डर भय अशांति का माहोल व्याप्त हो रहा है। अब तक वारदात में शामिल चोरों से माल बरामदगी नही होने की वजह से व्यापर संघ एवं ग्रामवासियों के बीच पुलिस प्रशासन की कार्यवाही पर संशय बना हुआ है। उन्होने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए बताया कि अलगे पांच दिनो में प्रकरण का खुलासा करते हुए सर्म्पूण माल को बरामद किया जावे अन्यथा दुगारी के ग्रांमवासी उग्र आन्दोलन करते हुए धरना प्रदर्शन एंव अनशन पर बैठने के लिए मजबूर हो जायेगें। ज्ञापन के दौरान दुगारी सरपंच रामलाल खींची सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारी एंव प्रबुद्वजन मौजूद रहे।

**ये हुआ माल बरामद :** दुगरी चोरी प्रकरण को लेकर थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने प्रकरण में कार्यवाही करते हुए अब 12 आरोपियो को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनके पास से 481.5 ग्रांम सोना,3 किलो 409 ग्रांम चांदी,62 हजार रूपये नगद,चोरी के पैसो से खरीदी गई अढाई लाख की कार को जप्त कर लिया है। चोरी प्रकरण का मुख्य सरगना जगन अभी फरार है।

# नैनवां में पालिका चैयरमैन को लेकर सियासत जारी निलंबल के 39 दिन बाद भी नियुक्त नहीं हो पाये चैयरमैन

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** नैनवां पालिका में कांग्रेस बोर्ड के चैयरमैन एंव वाइस चैयरमैन को निलम्बित किया जाने के बाद अभी तक भी राज्य सरकार द्वारा चैयरमैन नियुक्त नहीं किया जाने से कस्बे का विकास अवरूद्ध है। सोमवार को कांग्रेस के पार्षदो सहित कांग्रेसजनो ने उपखण्ड अधिकारी को,राज्यपाल,निदेशक स्वायत्त शासन विभाग जयपुर व जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका नैनवॉं में विगत 39 दिनो से नगर पालिका चैयरमैन का पद रिक्त चल रहा है। स्वायत्त शासन विभाग जयपुर ने 11 दिसम्बर 024 को नैनवां पालिका चैयरमेन को निलंम्बित कर दिया गया था। नगर पालिका में 39 दिन निकल जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा चैयरमेन नियुक्त नही किया। स्थानीय विधायक कांग्रेस पार्टी का होने के कारण बीजेपी सरकार द्वारा तानाशाही व हटधर्मिता दर्शाते हुये नैनवॉं वासियों के साथ सोतेला व्यवहार करते हुए शहर के विकास को रोकने के उद्देश्य से नैनवॉं चैयरमेन की 39 दिन बीत जाने के बाद भी नियुक्त नही कर रही है।

चैयरमेन नियुक्त नही होने के कारण नैनवॉं शहर की जनता को रोजमर्रा के कार्यों लिए परेशान होना पड रहा है। नैनवॉं शहर का विकास पूर्ण तरीके से रूक हो चुका है। जिस कारण नैनवॉं क्षेत्र के लोगो में भारी रोष व्याप्त है। वे ज्ञापन के माध्यम से मांग करते है,कि दो दिन में नगर पालिका नैनवॉं में चैयरमेन नियुक्त करवाया जाना चाहिए। अन्यथा नैनवॉं शहर के जनप्रतिनिधियों एवं शहरवासियों द्वारा नगर पालिका परिसर में धरने पर बेठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन के दौरान आबिद हुसैन,नबील अंसारी, अमृतराज मीणा,भूपेन्द्र,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भारत भूषण गौत्तम,मोहम्मद सलीम,दिनेश कुमार पाण्ड्ेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## माधोराजपुरा ग्रिड के ग्रामीणों की बड़ी जीत, बिजली विभाग ने आश्वस्त किया सहमति के बिना नहीं होगा निजीकरण

### किसानों ने डाल रखा था विद्युत कार्यालय पर पड़ाव, किसानों जताई खुशी

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन (सुनील मेघवाल)।** केशवरायपाटन शुगर मिल संयुक्त किसान समन्वय समिति के प्रतिनिधि नवीन श्रृंगी ने बताया कि माधोराजपुरा ग्रिड को निजी हाथों में सौंपने के विरोध में दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों ने विद्युत कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसान कई दिनों से आंदोलनरत थे।

आंदोलन के बढ़ते दबाव को देखते हुए बिजली विभाग को किसानों की मांग माननी पड़ी। विभाग ने आश्वस्त किया कि बिना किसानों और ग्रामीणों की सहमति के कोई नई व्यवस्था लागू नहीं की जाएगी। वर्तमान व्यवस्था ही जारी रहेगी। विभाग ने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी कार्यवाही से पहले किसानों को सूचित किया जाएगा और उनकी सहमति ली जाएगी।

**विभागीय अधिकारियों ने दी जानकारी :** बिजली विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता संदीप मालवीय और कनिष्ठ अभियंता मेघराज नागर ने किसानों को आश्वासन दिया।

**किसानों ने जताई खुशी :** धरने को संबोधित करते हुए युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि किसान अपने अधिकारों की लड़ाई आखिरी दम तक लड़ेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों के साथ अन्याय किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान नेता हरजिंदर सिंह और हरिशंकर नागर ने कहा कि गांवों में निजीकरण लागू करने वाले लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। अगर कोई बड़ी घटना घटित होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसानों की मांगें माने जाने पर किसानों ने खुशी जाहिर की और किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए।

**धरने को संबोधित करने वाले प्रमुख किसान नेता :** धरने में शामिल किसान नेताओं में सूरजमल नागर, पुष्पचंद गुर्जर, मोलत राम गुर्जर, भेरूलाल मीणा, रामस्वरूप मीणा, हरीश नागर, अजित सिंह, रामचरण मीणा, रामकुंवर मीणा, महेंद्र मीणा, बिहारी लाल, दानमल मीणा, धन्नालाल, मोहनलाल मीणा, राधेश्याम मीणा, रामचंद्र मीणा, देवीलाल गुर्जर, जस्सा सिंह, जसपाल बल, महावीर मीणा, राजेंद्र मीणा, शंकरलाल नागर, महावीर सुमन, लक्ष्मीनारायण मीणा, हेमराज, कन्हैयालाल नागर, जसराज नागर, जगदीश नागर, सुरेंद्र नागर और पृथ्वीराज मीणा सहित कई अन्य नेता शामिल रहे।

## चेन्नई तमिलनाडू सेन समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद खिंची का भव्य स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** सेन समाज चेन्नई तमिलनाडू के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद खिंची के पहली बार ब्यावर पधारने पर स्थानीय सेन समाज के पदाधिकारियों ने कृष्णा कालोनी में ढोल-ढमाकों के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कृष्णा कालोनी में माला एवंम साफा पहनाकर मुँह मीठा करवाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

समाज के प्रेमचन्द सेन ने बताया कि राजेन्द्र प्रसाद खिंची समाज के हर कार्यक्रम में तन-मन-धन से समर्पित रहे हैं। राजेन्द्र प्रसाद खिंची ने समाज सदस्यों को संबोधित करतें हुआ कहा कि समाज में सर्व प्रथम एकता बनाऐ रखे एंव समाज के बालक बालिकाओं को शिक्षा में हर सभंव मदद की जानी चाहिये विशेषकर समाज में पुरानी कुरितियां समाप्त करने का आग्रह भी किया युवाओं को विशेषकर नशा जैसी चीजों से दूर रहने का भी कहा और स्वागत कार्यक्रम के लिये सभी समाज सदस्यों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत कार्यक्रम में बालुराम सेन, सुरज मकाणा, माणक चन्द सोलंकी, प्रेमचन्द सैन, रतन लाल बडगूजर, सुशील चौहान, बाबूलाल लाल सेन, घनश्याम परिहार, एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल छापरवाल, सुरज सांखला, सम्पत राज सेन, गणपत लाल गहलोत, त्रिलोकेश्वर परिहार, अशोक सेन, श्याम लाल गहलोत, आलोक कुमार, महावीर प्रसाद मेवाड़ा, राकेश छापरवाल, मनीष हर्षवाल, सुमित खांखला, विजेश परिहार, निहाल चन्द परिहार, अशोक सेन, (कानिया वालें) शंकर भाई सेन, दिलीप बडगूजर, मन्जु मेवाड़ा, राजु देवी खिंची, सज्जन बडगूजर, सहित महिला व पुरूष उपस्थित रहें।

## शिवनगर के ग्राम अमरपुरा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से अपने गांव को देवास में मिलाने की गुहार लगाई



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** निकटवर्ती ग्राम अमरपुरा (शिवनगर) के सैकड़ों ग्रामीणों ने आज जिला कलेक्टर कार्यालय पर पहुँचकर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत को एक ज्ञापन सौंपकर ग्राम अमरपुरा (शिवनगर) का पुर्नगठन कर ग्राम पंचायत देवास में शामिल करने की मांग की है।

जिला कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण वर्तमान में शिवनगर ग्राम पंचायत अमरपुरा से करीब 15 किलोमीटर दूर है। ग्राम पंचायत मुख्यालय तक पहुँचने का कोई सीधा साधन नहीं है। शिवनगर तक कच्चे रास्ते से जाना पडता है। इस बीच जंगली जानवरों का भी भय बना रहता है। शिवनगर का अमरपुरा राजस्व गांव है इस गांव की आबादी 900 हैं इस वजह से छोटे-बडे कार्यों के लिए शिवनगर आना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत देवास अमरपुरा के नजदीक है। लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर होने के कारण ग्रामवासी खाद्य सामग्री देवास से ही प्राप्त करते हैं। उन्होने जिला कलेक्टर से मांग की है कि वह अमरपुरा गांव को देवास के साथ मिलाकर ग्रामीणों को राहत पहुँचायें।

आज दिये गये ज्ञापन में हरिराम, धर्माराम, मालू, रामलाल गर्जर, सुरजकंवर, कानाराम, रामलाल, सुरेश जगरूप. प्रताप, सुरजकंवर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई पुलिस थाना द्वारा संचालित यातायात जागरूकता अभियान को लेकर विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय में यातायात सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें यातायात प्रभारी सांवरमल जाट एवं कानि बनवारी लाल ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करते हुए विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने, क्षमता से ज्यादा सवारी नहीं बैठाने, सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से व नशे में वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, वाहनों को रोंग साईड में नहीं चलाने एवं लाइसेंस सहित वाहन के दस्तावेज साथ रखने की जानकारी दी।

कंगना रनोट को ऑफर हुई थी फिल्म पद्मावत, बोली-

## बॉलीवुड मूवीज में एक्ट्रेसेस को गलत प्रेजेंट किया जाता है, इस वजह से छोड़ी थी पिक्चर



**कंगना** रनोट अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। वहीं, एक्ट्रेस अपने बयानों को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। इसी बीच कंगना ने हिंदी सिनेमा के डायरेक्टर्स को लेकर बात की है। उन्होंने कहा- हिंदी फिल्मों में जिस तरह से फिमेल्स आर्टिस्ट को प्रेजेंट करते हैं, वो मुझे अच्छा नहीं लगता।

**'फिल्म क्वीन के बाद महिला प्रधान फिल्मों पर फोकस हुआ' :** कंगना रनोट ने अजीत भारती को दिए इंटरव्यू में कहा- मैं एक फीमेल आर्टिस्ट के तौर पर दूसरे लेवल पर जाना चाहती थी। मैं जब भी ऐसी लड़कियों से मिलती थी जो हमेशा नकली पलकों और हील्स में दिखाई देती हैं। मुझे यही लगता था कि मैं नकली पलकें, बोटोक्स वगैरह से बेहतर की हकदार हूं, मैं ऐसी इंसान नहीं हूं। साल 2014 में मेरी फिल्म क्वीन रिलीज हुई और मेरी फिल्म महिला प्रधान फिल्म थी। इस फिल्म के बाद से ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में महिला प्रधान फिल्मों पर काफी फोकस किया गया।

**'महिलाओं को सिर्फ 10-15 मिनट का रोल मिलता है' :** अगर आप टॉप के पांच डायरेक्टर्स को देखें, तो उनकी फिल्मों में महिलाओं का रोल इतना ही होता है कि वो उनमें तैयार ही हो रही होती हैं। एक्ट्रेस को मुश्किल से पांच मिनट का रोल मिलता हैं। मुझे बड़ी फिल्मों में काम करने के लिए बहुत से ऑफर मिले। लेकिन, उनमें रोल मुश्किल से 10-15 मिनट का होता है, और वो भी ऐसा जिसमें एक्ट्रेस को सिर्फ मेक-अप करने का रोल प्ले करना है। वह महिलाओं को अच्छे रोल में नहीं दिखाते।

**'महिलाओं को सही तरह से प्रजेंट नहीं किया जाता' :** कंगना ने संजय लीला भंसाली का नाम लिए बिना कहा- एक और बड़े डायरेक्टर का एग्जाम्पल है। उन्होंने हीरामंडी, बाजीराव मस्तानी जैसी फिल्मों से वेश्याओं की एक पूरी दुनिया बना दी है। लड़कियां और भी तो काम करती हैं ना। ये बहुत ज्यादा परेशान करने वाला है। मेरा मतलब सेक्स वर्कर्स को नीचा दिखाना नहीं है, क्योंकि मैंने भी फिल्म रज्जो में एक सेक्स वर्कर का किरदार निभाया है।

**मुझे फिल्म पद्मावत ऑफर हुई थी :** कंगना ने कहा- 'मुझे फिल्म पद्मावत में रानी पद्मावती का किरदार ऑफर किया गया था। मैंने डायरेक्टर से पूछा कि अगर मुझे फिल्म की स्क्रिप्ट मिल जाए तो अच्छा रहेगा। इसके जवाब में उन्होंने मुझसे कहा- मैं अपनी फिल्म की स्क्रिप्ट कभी नहीं देता। फिर मैंने उनसे पूछा, तो हीरोइन की भूमिका क्या है? उन्होंने कहा, हीरो हीरोइन को आईने में तैयार होते हुए देखता है और हैरान हो जाता है, यही रोल एक्ट्रेस को प्ले करना होता है।

**सही में पूरी फिल्म में एक्ट्रेस सिर्फ तैयार हो रही हैं :** कंगना ने आगे कहा- 'जब मैंने सच में फिल्म देखी, तो मुझे एहसास हुआ कि एक्ट्रेस सही में पूरी फिल्म में सिर्फ तैयार हो रही हैं। डायरेक्टर ने सही ही कहा था।

## सैफ पर हमले का आरोपी बांग्लादेश में कुश्ती खिलाड़ी था, पुलिस बोली- हमले के बाद बस स्टॉप पर सोया, ठाणे जाने से पहले कपड़े बदले

एक्टर सैफ अली खान पर हमले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी बांग्लादेश में कुश्ती का खिलाड़ी था। पुलिस ने रविवार को शरीफुल इस्लाम को इस केस में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद क्राइम ब्रांच ने कहा, शरीफुल जिला और नेशनल लेवल पर कुश्ती खेल चुका था। कुश्ती प्लेयर होने की वजह से शरीफुल सैफ पर भारी पड़ा। वारदात के बाद वो बस स्टैंड पर सोया। ठाणे जाने से पहले उसने कपड़े बदले। वो वर्ली के एक पब में काम करता था, जहां से उसे चोरी करने पर निकाला गया था। शरीफुल सितंबर में मुंबई आया था। पाइप के सहारे सैफ के अपार्टमेंट तक पहुंचा था शरीफुल सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर पर मुंबई पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएट कर सकती है। शरीफुल 5 दिन की पुलिस रिमांड पर है। पुलिस ने बताया कि शहजाद 16 जनवरी की सुबह चोरी के इरादे से बॉलीवुड स्टार के अपार्टमेंट में घुसा था।

जांच से पता चलता है कि वह इमारत की आठवीं मंजिल तक सीढ़ियों से पहुंचा। इसके बाद एक पाइप का उपयोग करके 12वीं मंजिल पर चढ़ा और बाथरूम की खिड़की के रास्ते सैफ के फ्लैट में घुस गया। 15 जनवरी की रात करीब 2 बजे सैफ पर हमला हुआ था, उन्हें रीढ़ और गर्दन पर गंभीर जख्म आए थे। इसके बाद वे लीलावती अस्पताल पहुंचे, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 1-2 दिन में उनके डिस्चार्ज होने पर फैसला लिया जाएगा।

पुलिस का दावा- आरोपी ने भारत आकर नाम बदला पुलिस ने यह भी कहा कि पकड़े गए आरोपी का नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है। उसकी उम्र 30 साल है। भारत में अवैध रूप से आने के बाद उसने अपना नाम विजय दास रख लिया था। वह 5-6 महीने पहले मुंबई आया था। यहां एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था। वह पहली बार ही सैफ अली खान के अपार्टमेंट में घुसा था।

# 'बिग बॉस मेरे लिए एक सपने जैसा था'

## चुम दरांग ने कहा- जीतने की उम्मीद थी, लेकिन यहां से जिंदगीभर की दोस्ती मिली



बिग बॉस 18 का सफर खत्म हो चुका है। कई कंटेस्टेंट्स थे, जो जीत का सपना लेकर शो में आए थे। उनमें से एक मॉडल और एक्ट्रेस चुम दरांग भी थीं, जिनका पांचवे नंबर पर एविक्शन हुआ था। दैनिक भास्कर से बातचीत में चुम दरांग ने अपने सफर के बारे में बात की।

### आप बिग बॉस 18 में अपनी जर्नी के बारे में क्या कहना चाहेंगी?

यह जर्नी मेरे लिए एक सुंदर अनुभव जैसी थी, जो अब खत्म हो गई। लेकिन बहुत सारी अच्छी यादें हैं जो मेरे साथ जिंदगी भर रहेंगी। मैं बिग बॉस का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मेरे सपने को सच करने का मौका दिया। सच कहूं तो मुझे अभी भी लग रहा है कि मैं एक सपने में हूं।

### इस शो के दौरान आपको देश की जनता से भरपूर प्यार मिला है। उन लोगों को आप क्या कहना चाहेंगी?

मैंने पहले भी अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था, तो मुझे ये पता था कि नॉर्थ ईस्ट का प्यार और सपोर्ट मिलेगा। लेकिन आज जब मैं बाहर निकली, तो मुझे यह महसूस हुआ कि पूरे इंडिया ने मुझे प्यार और सपोर्ट किया। मुझे खुद पर बहुत गर्व हो रहा है कि शायद मैंने कुछ अच्छा किया, तभी मुझे देश की जनता से इतना प्यार मिला। इसके लिए मैं सभी लोगों का धन्यवाद अदा करती हूं।

### शो में आपने कई बार लोगों के लड़ाई-झगड़े को संभाला। एक तरह से आप उनके बीच पुल जैसी रहीं। क्या आप इसे अपनी जिम्मेदारी मानती हैं?

जब भी कभी करण और श्रुतिका या फिर श्रुतिका और शिल्पा मैम के बीच लड़ाई होती थी, तब उन्हें समझाने में काफी दिक्कत होती थी कि मत लड़िए। मुझे तो सबके साथ रहना था। शुरुआत में दिक्कत आती थी, लेकिन बाद में सभी समझ गए थे। मेरे लिए दोस्ती फैमिली जैसी होती है और बहुत जरूरी है। आप कह सकते हैं कि मैं खुद के बारे में सोचती थी कि अगर ये सभी साथ रहें, तो मैं भी खुश रहूं। मैं बहुत खुश हूं कि अब जिंदगी भर के लिए मेरे पास दोस्त हैं।

### क्या आपको दुख हुआ कि आप ट्रॉफी नहीं जीत पाईं या खुशी हुई कि करण वीर ने ट्रॉफी जीती?

मैंने करण से फिनाले की सुबह ही कहा था कि देखो करण अगर मैं ट्रॉफी नहीं जीत पाई तो मैं चाहती हूं कि आप ट्रॉफी जीते। मैं बहुत ज्यादा खुश हूं कि उन्होंने बिग बॉस 18 जीता। हां थोड़ी बहुत दुखी हूं कि मैं नहीं जीती क्योंकि मैं ट्रॉफी को अरुणाचल लेकर जाती। लेकिन करण के लिए मैं खुश हूं।

### करण के साथ आपकी दोस्ती हमेशा साफ रही है, लेकिन इसमें करण की कोशिशें ज्यादा रही हैं। जो लोग इसे आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं, उन्हें आप क्या कहेंगी?

मुझे अभी कुछ नहीं पता। मैंने अंदर साफ शब्दों में कहा था कि मैं इस शो में कोई अफेयर करने नहीं आई हूं, क्योंकि यह सिर्फ एक शो है और यहां आपको बहुत सारे लोगों के साथ रहना पड़ता है। ऐसे में आपकी भावनाएं बदल सकती हैं। यह जरूरी नहीं कि ये सच्ची भावनाएं हों।

# करण वीर मेहरा बने बिग बॉस-18 के विनर

## खतरों के खिलाड़ी का खिताब भी जीत चुके हैं; 12 करोड़ नेटवर्थ, दो शादी फिर भी हैं सिंगल

**टीवी एक्टर करण वीर मेहरा बिग बॉस-18 के विनर बन गए हैं। करण को बिग बॉस की ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए कैश भी मिले। पिछले साल ही करण ने खतरों के खिलाड़ी-14 का खिताब अपने नाम किया था। दिल्ली में जन्में करण ने टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। 2005 में शुरू हुआ उनका एक्टिंग करियर आज भी जारी है। हालांकि करण की पर्सनल लाइफ उथल-पुथल से भरी रही। 2 शादी कर चुके करण फिलहाल सिंगल हैं। 2006 में करण का भयानक एक्सीडेंट हो गया था। इस दौरान उन्हें शराब की लत लग गई थी और वे डिप्रेशन में भी चले गए थे।**




### दिल्ली के रहने वाले हैं करण

करण मेहरा का जन्म 28 दिसंबर 1977 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने दादी के कहने पर दिवंगत दादा का नाम वीर अपने नाम में जोड़ा था। करण ने मसूरी के एक बोर्डिंग स्कूल में 10वीं तक की पढ़ाई की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के एक स्कूल में अपनी आगे की पढ़ाई की। स्कूलिंग खत्म करने के बाद उन्होंने दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स से ग्रेजुएशन किया।

### 12 करोड़ रुपए हैं करण की नेटवर्थ

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करण की कुल नेटवर्थ 12 करोड़ रुपए है। उन्हें बिग बॉस-18 का खिताब जीतने पर 50 लाख रुपए कैश मिले हैं। इसके अलावा, उन्होंने शो में अपनी एंट्री से भी अच्छी कमाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने बिग बॉस हाउस में रहते हुए हर हफ्ते 2 लाख रुपए फीस चार्ज किए थे।

### 2016 में हुआ था एक्सीडेंट, शराब की लगी थी लत

2016 में करण का बाइक एक्सीडेंट हो गया था। वे 5 महीने से ज्यादा समय तक बिस्तर पर पड़े रहे। यह उनकी लाइफ का सबसे खराब दौर था। इस बारे में उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- यह मुश्किल दौर था। मैं उन दिनों सोने के लिए शराब पीता था। इस तरह मैं शराब की लत में पड़ गया। मैं कुछ भी नहीं कमा रहा था। एक एक्टर की लाइफ में कुछ भी फिक्सड नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा था- मेरे परिवार और परवरिश का शुक्रिया। उन्होंने मुझे अपने पैरों पर खड़े होने और फिर से दौड़ने की शिक्षा दी। मैंने शराब पीना बंद कर दिया। मेरी फिजियोथेरेपी शुरू हुई। कुछ समय बाद मैंने जिम करना भी शुरू कर दिया था। मैं पूरी हिम्मत के साथ डिप्रेशन से लड़ा और फिर से कमबैक किया।

### 2005 में शुरू किया एक्टिंग करियर

करण वीर का टेलीविजन, वेब सीरीज और फिल्मों में सफल करियर रहा है। उन्होंने 2005 में फेमस टीवी शो रीमिक्स से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस शो में उन्होंने आदित्य की भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्हें साथ रहेगा ऑलवेज, सती...सत्य की शक्ति, विरुद्ध, हम लड़कियां, बहनें और पवित्र रिश्ता जैसे टीवी शोज में देखा गया।

### 2 बार की शादी, फिर भी हैं सिंगल

करण ने 2009 में बचपन के प्यार देविका मेहरा से शादी थी। हालांकि 2018 में दोनों का तलाक हो गया। बॉम्बे टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में करण ने बताया था कि उन्होंने जल्दबाजी में शादी करने का फैसला कर लिया था। नतीजतन बाद में चीजें खराब हुईं। इस बारे में उन्होंने कहा था- मैं लापरवाह हो गया था। इतना लापरवाह कि बिना सोचे-समझे शादी जैसा गंभीर कदम उठा लिया था। मैंने एक दिन में शादी करने का फैसला कर लिया था। वो भी मान गई थी। हालांकि हम पिछली शाम ही लड़े थे। शायद मैं चीजों को अलग तरीके से कर सकता था। सबसे पहले मुझे उस समय शादी नहीं करनी चाहिए थी। इससे दो जिंदगियां बर्बाद होने से बच जातीं।

उन्होंने आगे कहा था- मेरा नाम एक्ट्रेसेस और क्रिएटिव प्रोड्यूसर्स से जुड़ने लगा और यह अंत की शुरुआत थी। हालांकि मैं इसके लिए किसी को दोष नहीं देता। मेरे अंदर अभी भी बहुत ज्यादा प्यार बचा हुआ है। मुझे अभी भी किसी ऐसे शख्स की जरूरत है जो मुझे प्यार और देखभाल दे सके। देविका से तलाक लेने के बाद करण ने 2021 में निधि सेठ से शादी की थी। लेकिन उनका यह रिश्ता भी लंबा नहीं चला और 2023 में दोनों अलग हो गए।

बिग बॉस 18 में हार से नाराज रजत दलाल बोले

## अभी कुछ नहीं कह सकता, मुझे नहीं पता बाहर किस तरह से चीजें हुईं




बिग बॉस 18 का सफर अब खत्म हो चुका है। करण वीर मेहरा ने जीत की ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि विवियन डीसेना पहले रनरअप बने और रजत दलाल दूसरे स्थान पर रहे। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद रजत नाराज नजर आए।

**जनता को लगता था कि आप ही बिग बॉस 18 के विनर बनेंगे, लेकिन टॉप 3 में आने के बाद आप एविक्ट हो गए। तो कैसा महसूस कर रहे हैं?**-मैं बेफिकर था। मुझे पता था कि जो होना होगा, वो हो जाएगा। लेकिन हां, मुझे इतनी उम्मीद थी कि मैं टॉप में तो रहूंगा और अगर भगवान का साथ रहा तो जीत भी सकता हूं। लेकिन अब अगर कुछ चीजें मेरे पक्ष में नहीं आईं, तो देखो हर चीज मेरे हाथ में नहीं थी। जो हो गया, सो हो गया और अब इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता।

**आपके एविक्ट हो जाने से लोगों के दिल टूट गए। उन्हें लग रहा है कि वोटिंग में कोई साजिश हुई है। इस पर आप क्या कहेंगे?**-देखो, मुझे नहीं पता कि किस तरह से चीजें चल रही हैं या पीछे क्या हो रहा है। इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। लेकिन हां, मुझे यह जरूर पता है कि जो रिश्ते मैंने बनाए हैं, वो हमेशा मेरे साथ रहेंगे। फैंस से मैं यही कहूंगा कि आपने जो समर्थन दिया, उसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा। अब मैं अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करने जा रहा हूं और इसमें आपका बहुत बड़ा हाथ है।

**शुरुआत में आपकी सख्त छवि दिखी, लेकिन फिर इमोशनल साइड भी दिखा। मीडिया इंटरेक्शन में लोगों ने आपके नेगेटिव साइड पर ज्यादा फोकस किया। इसके पीछे उनका कोई डर था?**-मेरी आदत नहीं है मीडिया के बारे में कुछ बोलने की, लेकिन जिस तरह के सवाल पूछे जा रहे थे, उससे सारी बातें समझ में आ रही थीं। तीसरे-चौथे हफ्ते की बातें मुझसे चौदह-पंद्रह हफ्ते में पूछी जा रही थीं, जिसका कोई मतलब नहीं था। इस घर में हर पल चीजें ऊपर-नीचे होती रहती थीं। जहां लड़ाई-झगड़े की बातें हो रही थीं, वो तो बहुत पहले खत्म हो चुकी थीं। समय के साथ यह समझ में आ गया था कि यहां चीजें दिमाग से चलती हैं। जो मुझसे पूछा गया, मैंने उसके जवाब दिए।

**पेड पीआर और पेड मीडिया को लेकर जो बातें चल रही थीं, उस पर आप क्या कहेंगे?**-जो बातें मुझे पता ही नहीं है उसके बारे में मैं क्या ही कह सकता हूं।

**ऐसी कोई बात जो घर से बाहर निकलने के बाद हमेशा याद रहेगी?**-मैंने जो चुम का पानी उछाल दिया था, वह हमेशा याद रहेगा। मुझे ऐसा लगा जैसे मैंने किसी का हक छीन लिया हो। ग्रैंड फिनाले में जिन 6 फाइनलिस्ट ने अपनी जगह बनाई थी, वो थे- विवियन, करण, अविनाश, रजत, चुम और ईशा। सबसे पहले ईशा सिंह एविक्ट हुईं और टॉप-5 में अपनी जगह नहीं बना पाईं। उनके बाद चुम दरांग विनर बनने की रेस से बाहर हो गईं। इसके बाद अविनाश मिश्रा का एविक्शन हुआ और शो को टॉप-3 फाइनलिस्ट करण, विवियन और रजत मिले थे।

# मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया, मुझ पर कई आरोप लगे, लेकिन खुद पर विश्वास रखा : अविनाश मिश्रा

100 दिनों से ज्यादा समय तक बिग बॉस के घर में रहने के बाद अविनाश मिश्रा का तीसरे नंबर पर एविक्शन हो गया था। वे टॉप 4 तक ही अपनी जगह बना पाए थे। इस दौरान अविनाश ने खास बातचीत की और कहा कि शो में उन्होंने अपना 100 प्रतिशत दिया था और वे आगे भी ऐसे ही लोगों का मनोरंजन करते रहेंगे।

**बिग बॉस 18 में आपका गेम तो सभी ने देखा। लेकिन हम आपसे जानना चाहते हैं कि आपकी जर्नी कैसी रही?**

मेरी जर्नी बहुत सुंदर रही। मैं यहां से बहुत सारी यादें लेकर जा रहा हूं। इस पूरी जर्नी के दौरान मैंने यह सीखा कि अगर कोई चीज आपके पास नेगेटिव आ रही है, तो उसे कैसे पॉजिटिव बनाना है।

**शुरुआत में आपको काफी गुस्से में देखा गया, लेकिन फिर आप में कई बदलाव आए। क्या लोगों के टोकने के कारण गेम स्लो हुआ?**

मुझे नहीं लगता कि टोकने के कारण कुछ खराबी हुई। मुझे यह लगता है कि अगर वीकेंड में कोई सुझाव आते हैं, तो उन पर काम करना चाहिए, ताकि इसका पॉजिटिव रिजल्ट मिल सके। इसलिए वीकेंड पर जो भी फीडबैक मुझे मिले, मैं उन्हें टोकना नहीं मानता। मैंने उन्हें एक गाइडेंस की तरह लिया और उन पर काम किया। शायद यही वजह थी कि मैं यहां तक पहुंचा हूं।

**शो के दौरान आप पर कई इल्जाम लगे। उस समय आपके दोस्त भी आपके साथ नहीं थे, तो कैसे सब कुछ हैंडल किया?**

मेरे ख्याल से यह इस सीजन का सबसे अच्छा संदेश है कि अगर आप गलत नहीं हैं, तो खुद पर विश्वास रखें, क्योंकि सच्चाई हमेशा सामने आ ही जाती है। मेरे ऊपर कई बार आरोप लगे थे और पूरा घर मेरे खिलाफ था। हालांकि, वीकेंड पर उन आरोपों को क्लियर किया गया। लेकिन उस दौरान मैंने खुद पर विश्वास रखा कि मैं सही हूं और सच्चाई बाहर आएगी, और ऐसा ही हुआ। तो मैं इस बात से बहुत खुश हूं।

**शो में आपकी पूरी जर्नी शानदार रही। लेकिन आपको क्या लगता है कि कहां चूक हुई कि आप विनर नहीं बन पाए?**

मैंने जो भी शो में किया, उसका मुझे कोई पछतावा नहीं है। जैसे-जैसे जो कर सकता था, मैंने सब किया। मैं यह कह सकता हूं कि मैंने अपना पूरा 100 प्रतिशत दिया। आगे भी लोगों का ऐसे ही मनोरंजन करता रहूंगा।

**अब बिग बॉस का सफर खत्म हो चुका है। ऐसे में भविष्य को लेकर आपके क्या कुछ प्लान है?**

अभी मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि सलमान सर ने मेरी बहुत प्रशंसा की, जिससे मैं बहुत उत्साहित हुआ हूं। मैं इस पर जरूर काम करूंगा। साथ ही जितनी मेहनत और लोगों का जितना मनोरंजन कर सकता हूं, उतना करूंगा।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# उद्योग, व्यापार, कर सलाहकार संघों और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

# उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार, न्यायसंगत कर प्रणाली के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं तथा उद्योग एवं सेवा क्षेत्र राजस्थान की अर्थव्यवस्था में तीन-चौथाई योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन दोनों क्षेत्रों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाने के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों के सुझावों का समुचित परीक्षण के पश्चात आगामी बजट 2025-26 में शामिल करने के हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, व्यापार, कर सलाहकार संघों एवं सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ दो सत्रों में आयोजित बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक वृद्धि से अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के साथ ही, लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन, आर्थिक क्षेत्र के लिए नवीन नीतियां लागू करना, बड़े निवेश समझौते करना जैसे निर्णय किए, जिससे राज्य में आर्थिक दिशा को एक नई गति मिली।




## वैट की दरों को बनाया तर्कसंगत, आमजन को मिली राहत

राज्य सरकार ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। हमारी सरकार ने डीजल व पेट्रोल पर प्रचलित वैट की दरों को तर्कसंगत बनाते हुये 2% की कमी की जिसके फलस्वरूप दरों में एकरूपता आई और आमजन को भी सस्ती दरों पर तेल उपलब्ध हुआ। साथ ही, सीएनजी और पीएनजी की वैट दर को 14.5% से घटाकर 10% किया गया। इस दौरान उद्योगपतियों ने राइजिंग राजस्थान समिट के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। बैठक में सी.आई.आई, राजस्थान चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, फोर्टी राजस्थान चैप्टर दलित इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ, गारमेंट एक्सपोर्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, राजस्थान सर्राफा संघ, एसोचेम, फिक्की, राजस्थान टैक्स बार एसोसिएशन, दी राजस्थान टैक्स कंसल्टेंट एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, रेवाड़ी औद्योगिक एसोसिएशन, फेडरेशन ऑफ माइंस एसोसिएशन, विश्वकर्मा औद्योगिक संगठन, कोटा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, स्टील चेंबर्स, सोप मैन्युफैक्चरिंग, ऑयल, सीमेंट, प्लास्टिक, सिरेमिक, टाउनशिप, रियल स्टेट, टैक्सटाईल सहित विभिन्न सेक्टर्स के संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उद्योग मंत्री कर्नल राठौड, उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग राजेश यादव एवं प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास श्री वैभव गालरिया सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## रिप्स 2024 में संतुलित एवं समावेशी विकास के प्रावधान शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 लायी गई है, जिससे प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार कृषि एवं कृषकों के सम्पूर्ण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा 66 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि की अतिरिक्त किश्त 650 करोड़ रूपये की राशि सीधे बैंक खातों में स्थानान्तरित की गई। राजस्थान के इतिहास में पहली बार हमारे प्रदेश के अन्नदाताओं को राज्य सरकार द्वारा इतनी बड़ी राशि सीधे उनके बैंक खातों में स्थानान्तरित की गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 11 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए वित्तीय स्वीकृति, पांच नवीन श्रीराम जानकी औद्योगिक क्षेत्रों को भूखंड आवंटन, यूनिटी मॉल के लिए वित्तीय स्वीकृति एवं भूमि आंवटन सहित विभिन्न कदम औद्योगिक विकास के लिए उठाए हैं।

# रेलवे हेडक्वार्टर में क्लर्क ने किया सुसाइड

## फंदे पर लटकी मिली लाश, बेटी की शादी के लिए छुट्टी नहीं मिलने से परेशान थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( एजेंसी )।** रिटायरमेंट से एक साल पहले रेलवे के एक क्लर्क ने सोमवार शाम अपने ऑफिस में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या का कारण काम के दबाव और छुट्टी न मिलना बताया जा रहा है। उनकी बेटी की अप्रेल में शादी थी। शादी के लिए उनको छुट्टी नहीं मिल रही थी। सहायक कार्यालय अधीक्षक नरसी मीणा (59) ने उत्तर पश्चिम रेलवे हेडक्वार्टर के जवाहर सर्कल स्थित कार्यालय में सोमवार शाम फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। नरसी का शव कार्यालय के बेसमेंट में बने स्टोर रूम में मिला। साथी कर्मचारियों का कहना है कि नरसी मीणा लंबे समय से काम के दबाव और छुट्टी न मिलने के कारण तनाव में थे। जवाहर सर्कल थाना पुलिस के थाना अधिकारी विनोद सांखला ने बताया- नरसी मीणा सुबह ड्यूटी पर आए थे। शाम को बेसमेंट में बने स्टोर रूम में चपरासी से चाबी लेकर सोने चले गए। उन्होंने अपना मोबाइल किसी कर्मचारी को दे दिया था। शाम को जब परिजनों ने उनके बारे में जानकारी मांगी, तब जाकर सुसाइड का खुलासा हुआ। शव को कब्जे में लेकर जयपुरिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सहकर्मियों ने लगाए आरोप

पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में नरसी के परिजनों और साथी कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि नरसी मीणा छुट्टी के लिए अधिकारियों से लगातार अनुरोध कर रहे थे, लेकिन उन्हें छुट्टी नहीं दी गई। इसके कारण वे मानसिक तनाव में थे। नरसी मीणा के रिटायरमेंट (59) में एक साल और बचा था। लेकिन छुट्टियां नहीं मिलने के कारण मानसिक तनाव में थे।

# विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी की पटना में तबीयत बिगड़ी

## सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती हुए थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/पटना।** विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी (77) की पटना में अचानक तबीयत बिगड़ गई। देवनानी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी हालत ठीक है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद देवनानी रात को विशेष विमान से जयपुर आ गए। देवनानी को पीएमसीएच के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी में भर्ती किया गया था। यहां उनकी हार्ट से जुड़ी जांचें की गईं। एंजियोग्राफी भी होनी थी, लेकिन उन्होंने पिछले साल ही एंजियोग्राफी करवाई थी, इसलिए एंजियोग्राफी से मना कर दिया। देवनानी शाम करीब 5 बजकर 15 मिनट पर आईजीआईसी अस्पताल से निकल गए। उन्होंने बाहर आकर कहा कि राजस्थान जा रहा हूं। एसिडिटी हो गई थी। दवाई लेने के लिए आया था। मेरी तबीयत ठीक है। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला देवनानी से मिलने शाम करीब साढ़े चार बजे हॉस्पिटल पहुंचे थे। आईजीआईसी के डायरेक्टर सुनील कुमार ने बताया- देवनानी की हालत ठीक है। उन्होंने एंजियोग्राफी से इनकार कर दिया। आगे का इलाज जयपुर में ही करवाएंगे।

# बीजेपी में 5 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति रद्द-16 की रोकी

## 4 अपनी उम्र कम बताते हुए निर्वाचित हुए, एक की चुनाव अधिकारी ने अनुशंसा की

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर।** बीजेपी में इस समय संगठन के चुनाव चल रहे हैं। बूथ अध्यक्ष के बाद मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन हो रहा है। मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन के साथ ही उनके निर्वाचन से संबंधित विवाद के निस्तारण के लिए प्रदेश स्तर पर एक अपील समिति बनी हुई है। अपील समिति को मिली शिकायतों के आधार पर आज समिति ने निर्वाचित हुए मंडल अध्यक्षों में से पांच मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन निरस्त कर दिया। वही 16 मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन पर अंतिम रोक लगा दी है।

**सही उम्र छिपाते हुए निर्वाचित हुए**-प्रदेश अपील समिति के सह संयोजक योगेंद्र तंवर ने बताया कि बीजेपी में मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए मापदंड तय हैं। इसके तहत मंडल अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष निर्धारित की हुई है।लेकिन जिन मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन निरस्त किया गया हैं। उन सभी ने अपनी उम्र को छिपाते हुए, उससे संबंधित गलत दस्तावेज पेश किए। जांच के बाद समिति ने इन शिकायतों को सही पाया। उम्र छिपाने के आधार पर जिन मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन निरस्त किया गया।

### सचिन पायलट का दावा

# दिल्ली चुनाव में बेहतर विकल्प के रूप में उभरी है कांग्रेस

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** दिल्ली चुनाव से पहले, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि राजधानी के लोग ए के नेतृत्व वाली शहर सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के बीच वर्चस्व की लड़ाई में पीड़ित हैं, और उनकी पार्टी बेहतर विकल्प के रूप में उभरी है।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली की जनता इस बार कांग्रेस को वोट देगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच वर्चस्व की लड़ाई है और इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बेहतर विकल्प बनकर उभरी है और लोग दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसे जनादेश देंगे। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली के लोगों को कुछ गारंटी दी है। उन्हें शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के तहत हुआ विकास भी याद है। हम मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस की पांच गारंटियों में 500 पर एलपीजी सिलेंडर प्रदान करना, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट तक बिजली, प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं के लिए 2,500 रुपये का मासिक अनुदान, जीवन रक्षा योजना के तहत 25 रुपये लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर और शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक वर्ष के लिए 8,500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता शामिल है।

# रबी सीजन 2025-26 में गेहूं खरीद हेतु सभी तैयारियां हो समयबद्ध रूप से पूरी : सुमित गोदारा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में रबी सीजन 2025-26 में राज्य में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश में गेहूं खरीद करने वाली सभी पांच एजेंसियों (एफसीआई, राजफेड, तिलमसंघ, एफसीसीएफ एवं नेफेड) के प्रतिनिधियों समेत सभी संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे। गोदारा ने कहा कि राजस्थान एक कृषि प्रधान प्रदेश है। राज्य सरकार किसानों के हितों को संरक्षित करने हेतु कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गेहूं उत्पादन में राजस्थान अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। आगामी रबी सीजन में गेहूं के समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया में शामिल सभी पांच एजेंसियां एफसीआई, राजफेड, तिलमसंघ, एफसीसीएफ एवं नेफेड आपस में उपयुक्त समन्वय के साथ कार्य करें ताकि गेहूं खरीद से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। अधिक उत्पादन की संभावना वाले क्षेत्रों में उचित चयन उपरांत आवश्यकतानुसार नए खरीद केंद्र खोले जाएं। इस हेतु अधिकारी जिलों के दौरे कर खरीद केंद्र की जरूरत वाले स्थानों को चिन्हित करें। गोदारा ने कहा कि मंडियों में खरीद के लिए उचित स्थान की व्यवस्था की जाए। आवश्यकतानुसार बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गिरदावरी की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए। साथ ही मंडियों में आवश्यक सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि उचित प्रचार प्रसार के माध्यम से आगामी रबी सीजन में राज्य में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों को दी जाएं। हेल्पलाइन के माध्यम से भी किसानों द्वारा मांगी जाने वाली सूचनाओं को प्रभावी रूप से साझा किया जाए। बैठक में राजस्थान राज्य भंडारण निगम के प्रबंध निदेशक संदीप वर्मा ने कहा कि रबी सीजन 2025-26 के मद्देनजर राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी भंडारगृहों में उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने कहा कि आगामी रबी सीजन को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का उत्कृष्ट निर्वहन करें।

# कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के दोषी को उम्रकैद

## घटना के 164वें दिन सजा; कोर्ट ने कहा- यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई गई है। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2:45 बजे सजा सुनाते हुए कहा, यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है।

मौत की सजा नहीं दी सकती। जस्टिस दास ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपए मुआवजा दे। हालांकि परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया। फैसला सुनाने से पहले दोपहर 12:30 बजे कोर्ट ने दोषी संजय, सीबीआई और पीड़ित परिवार की बातें सुनीं। संजय से कहा- यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो। कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन (20 जनवरी) सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया। सीबीआई और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी।

**कोर्ट रूम, सजा पर 3 पक्षों की दलील...**- संजय का परिवार बोला- भले ही फांसी हो। हम फैसले के खिलाफ अपील नहीं करेंगे। संजय की मां ने कहा कि मैं उस लड़की के मां-बाप का दुख समझती हूं, मेरी भी बेटियां हैं।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# इजराइल ने 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया : हमास की कैद से 3 इजराइली बंधक आजाद; नेतन्याहू बोले- पूरा देश आपको गले लगा रहा

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/ रामल्ला ( एजेंसी )।** इजराइल-हमास के बीच बीते 15 महीनों से जारी जंग रविवार, 19 जनवरी को थम गई है। इजराइल ने सीजफायर के पहले दिन 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इससे पहले हमास ने भी इजराइल की 3 महिला बंधकों को रिहा किया था।

इन बंधकों के नाम रोमी गोनेन, एमिली दामारी और डोरोन स्टीनब्रेचर हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक तीनों बंधकों को रेड क्रॉस की मदद से इजराइल वापस लाया गया। बंधकों की वापसी पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि पूरा देश आपको गले लगा रहा है। रिहाई के बाद फिलिस्तीन और इजराइल दोनों जगहों पर लोगों ने खुशियां मनाईं।

सीजफायर की घोषणा के बाद 600 से अधिक ट्रक इजराइल की सख्त नाकेबंदी के बीच मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे। फिलिस्तीनी नागरिक युद्धग्रस्त इलाकों से अपने घरों की जांच करने और अपने रिश्तेदारों को दफनाने के लिए वापस लौट रहे हैं।

### इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।

इजराइल करीब 700 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा सीजफायर डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें पहले फेज में रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं।

इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सदस्य भी शामिल हैं।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में घुसकर 1200 लोगों को मार डाला था और 251 को बंधक बना लिया था। इसके कुछ घंटे बाद इजराइली सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया था।



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )